
▪ चैत्र शुक्ल - 14 ▪ संवत 2082 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 253 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 11-04-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

|| जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम ||

## श्री सालासर बालाजी सेवा समिति, बेंगलूरु






## हार्दिक आमंत्रण



# आंजनेय महोत्सव 2025

**12 से 14 अप्रैल 2025**

**समारोह स्थल : श्री सालासर बालाजी सेवा समिति**
**बिलेकहल्ली, रांका कॉलोनी, बन्नरघट्टा रोड, बेंगलूरु - 560076**

**सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मऋषि गुरुदेव**
जिनकी एक दृष्टि जीवन की दिशा व दशा दोनों बदल देती है।

### शनिवार, 12 अप्रैल :

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
* प्रातः 7 बजे : अन्नदान
* दोपहर 1:30 बजे : सुंदरकांड पाठ (महेंद्र स्वामीजी)
* सायं: 4:15 बजे : हनुमान जन्मोत्सव
भजन गायक - श्री पन्ना लखा गिल
- श्री राजू खंडेलवाल
* 8:30 बजे : महाप्रसाद

### रविवार, 13 अप्रैल :

**शिला पूजा**
केवल आमंत्रित सदस्यों के लिए
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
* भजन : मध्याह्न 3:45 बजे
* सायं: 4:15 बजे : गुरु आशीर्वाद और कल्याणकारी प्रार्थनाएं 'सिद्धगुरुवर' द्वारा
* 8:30 बजे : महाप्रसाद

### सोमवार, 14 अप्रैल :

गर्भगृह पूजन
सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मऋषि गुरुदेव
की दिव्य उपस्थिति में
केवल ट्रस्टी,
आजीवन सदस्य और
आमंत्रित अतिथियों के लिए



मुख्य अतिथि :
श्री डी. के. शिवकुमार
उपमुख्यमंत्री, कर्नाटक



विशिष्ट अतिथि :
श्री रामलिंगा रेड्डी
परिवहन एवं मुजराई मंत्री
कर्नाटक सरकार



विशेष अतिथि
श्री तेजस्वी सूर्या
लोकसभा सांसद



विशेष अतिथि
श्री सतीश रेड्डी
विधायक, बोम्मनहल्ली



महेंद्र स्वामी



पन्ना लखा गिल



राजू खंडेलवाल



रामसुंदर बगड़िया



विमल पंवार

### संपर्क सूत्र

| प्रमोद मुरारका | सतीश मित्तल | मनीत सोमानी | संजय शाह | राजकमल गनेरीवाल |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव | निर्माण समिति चेयरमेन | कोषाध्यक्ष |
| 98450 25200 | 98801 93400 | 93421 60594 | 98440 23128 | 98440 22468 |

विशेष सहयोगी
TripFactory

विशेष सहयोगी
Coming Soon
BIKANERVALA
SWEETS | CHAAT | SNACKS | RESTAURANT
Jayanagar, Bangalore

|| जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम || || जय श्री राम ||

### कुछ प्रशंसक ऐसे भी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु में गुरुवार को चिन्नस्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स और दिल्ली केपीटल का आईपीएल मुकाबला था। बेंगलूरु टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए बेंगलूरु निवासी राजस्थानी समाज के युवक एवं युवतियों ने राजस्थानी वेशभूषा एवं साफा पहनकर ढोल नगाड़ों के साथ चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचकर आरसीबी के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रायोजक सुमन बागरेचा एवं देवराज सेठिया ने बताया कि स्टेडियम पहुंचने पर सभी ने आईपीएल टूर्नामेंट 2025 का चैम्पियन बनने की सामूहिक कामना की। स्टेडियम में ये राजस्थानी वेशभूषा में आए फैन्स मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने रहे।

### अहिंसा रैली शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



जैन युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित तीर्थंकर महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में गुरुवार को टाउन हॉल से प्रातः 8 बजे अहिंसा रैली विशाल शोभा यात्रा के शुभारंभ के मौके पर महेन्द्र मुणोत व संगठन एवं सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन किया एवं जैन ध्वज लहराकर रैली की शुरुआत की। रैली में विभिन्न जैन संगठन, महिला मंडल, बहू मंडल, किशोर मंडल, बालिका मंडल ने जीवन उपयोगी संदेश देती हुई झांकियां का प्रदर्शन किया। महेंद्र मुणोत ने शोभा यात्रा शुभारंभ स्थल पर अपने वक्तव्य में कहा कि महावीर जन्म कल्याण महोत्सव को सच्चे अर्थों में मनाना है तो हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन का आदर्श बनाना होगा ।।



# महावीर जन्मकल्याणक पर राजाजीनगर दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ विशेष अभिषेक

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के राजाजीनगर दिगम्बर जैन समाज के सदस्यों ने दिगम्बर मंदिर में प्रभु महावीर का 2624वां जन्मकल्याणक धूमधाम से मनाया।

इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गई जो कि दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां प्रभु महावीर के गुणगान किए गए। जैन मंदिर में प्रभु महावीर का विशेष अभिषेक, पालना झुलाना व आरती का आयोजन किया जिसमें पवन जैन, जिनेश बज, राजू पांड्या, दिलीप झांझरी, अरुण सेठी, शैलेश सेठी, बाहुबली जैन एवं अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

### अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव पर बेंगलूरु के जैन जीवदया संगठन के सदस्यों ने नगरथपेट मैन रोड स्थित कालीमाता मंदिर के पास 1000 लोगों को नाश्ता करवाया। संगठन के प्रचार मंत्री कैलाश के कांकरिया ने बताया कि संगठन हर माह 100 साधर्मिक परिवारों को राशन किट भी प्रदान करता है ।

### सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन मंडल द्वारा महावीर जन्मकल्याणक के मौके पर सिपानी ओल्डएज होम में निवासित 404 जरुरतमंद वरिष्ठ जनों को भोजन कराया तथा मिष्ठान व फल का वितरण किया।मंडल के सचिव संतोष परमार, वरिष्ठ सलाहकार कांतिलाल राठौड़, भूतपूर्व अध्यक्ष इंदरचंद नाहर एवं यशपाल नाहर आदि ने मानवसेवा कार्य में सहयोग किया।

# हिंदुस्तान जिंक के निजीकरण से जिंक उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि



जयपुर/भाषा। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि दो दशक पहले हिंदुस्तान जिंक के निजीकरण से जिंक उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और नए अवसर पैदा हुए हैं। कंपनी के एक बयान के अनुसार, वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसे भारत की संसाधन स्वतंत्रता और औद्योगिक ताकत के लिए एक नए युग की शुरुआत बताया। अग्रवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''23 साल पहले, एक नया युग शुरू हुआ। जिंक की मांग बहुत अधिक थी, लेकिन भारत में इसका उत्पादन कम था और आयात शुल्क 40 प्रतिशत था। 2002 में, सरकार ने हिन्दुस्तान जिंक का निजीकरण करके एक साहसिक कदम उठाया और हमें मौका दिया। उन्होंने कहा एक साल के भीतर, बिना एक भी छंटनी के, मुनाफे में 113 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आज, हिन्दुस्तान जिंक दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत जिंक उत्पादक है। उन्होंने कहा हमारे विशेषज्ञों और इंजीनियरों के केंद्रित प्रयासों की बदौलत, भारत में चांदी का उत्पादन 15 गुना बढ़ गया है। अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान में लाखों लोगों की आजीविका का सृजन हुआ है।

# एमएसएमई हमारी सबसे बड़ी संपत्ति, स्टार्टअप के साथ एकीकरण हो : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को देश की 'सबसे बड़ी संपत्ति' बताते हुए छोटे उद्योगों का स्टार्टअप के साथ एकीकरण करने का आह्वान किया।

शाह ने यहां आयोजित 'गुजरात वार्षिक व्यापार प्रदर्शनी' के उद्घाटन कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने हाल ही में 75 साल पूरे करने वाले गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) से आग्रह किया कि वह युवाओं के लिए एक नया पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए छोटे उद्योगों की परंपरा को स्टार्टअप के साथ जोड़ें। उन्होंने जीसीसीआई के प्रबंधन से अगले 25 साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''एमएसएमई हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं। हर बड़े उद्योग ने एक छोटे उद्यम के तौर पर अपना सफर शुरू किया। जीसीसीआई को छोटे उद्योगों की परंपरा को स्टार्टअप के साथ जोड़ना चाहिए और युवाओं के लिए एक समूची पारिस्थितिकी बनाने के लिए इनका आधुनिकीकरण करना चाहिए।''

शाह ने कहा, ''चैंबर को सरकार, छोटे उद्योगों और महत्वाकांक्षी युवाओं के बीच एक पुल के तौर पर काम करना चाहिए। गुजरात में एमएसएमई क्षेत्र के विकास में मदद के लिए सहायक औद्योगिक इकाइयों को आकर्षित करने पर ध्यान देना चाहिए।'' केंद्रीय मंत्री ने जीसीसीआई से सरकार को नीतियां बनाने और लागू करने में सहायता करने के लिए एक स्थायी इकाई बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने विनिर्माण से लेकर खुदरा विक्रेता तक समूची व्यापार शृंखला में डिजिटल लेनदेन को शामिल करने और गुजरात के युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएं बनाने का भी आग्रह किया।

शाह ने कहा कि गुजरात में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त और व्यापार के अनुकूल एवं कुशल प्रणालियों द्वारा समर्थित 'हड़ताल-मुक्त परिवेश' का आश्वासन दिया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में कहा कि गुजरात का उद्योग समर्थक माहौल और मजबूत बुनियादी ढांचा राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है।

# निजी विवरणों का सार्वजनिक खुलासा अब भी आरटीआई कानून के अधीन : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि विभिन्न कानूनों के तहत सार्वजनिक खुलासे का विषय होने वाले व्यक्तिगत विवरणों को नया डेटा संरक्षण नियम लागू होने के बाद भी सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अधीन जारी किया जाता रहेगा। केंद्रीय मंत्री ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेता जयराम रमेश के लिखे एक पत्र के जवाब में सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिये यह स्पष्टीकरण दिया है।

राज्यसभा सांसद रमेश ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 की धारा 44 (3) को 'स्थगित, समीक्षा करने और निरस्त करने' की मांग की थी। रमेश ने 23 मार्च को लिखे अपने पत्र में कहा था कि डीपीडीपी अधिनियम की धारा 44 (3) से सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम 2005 के तहत व्यक्तिगत जानकारी साझा करने पर रोक लगती है। इस पर वैष्णव ने कहा, ''कोई भी व्यक्तिगत जानकारी जो हमारे जनप्रतिनिधियों और कल्याण कार्यक्रमों आदि को नियंत्रित करने वाले विभिन्न कानूनों के तहत कानूनी दायित्वों के तहत प्रकटीकरण के अधीन है, उसका खुलासा आरटीआई अधिनियम के तहत जारी रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''असल में, यह संशोधन व्यक्तिगत सूचनाओं के खुलासे पर रोक नहीं लगाएगा। इसका उद्देश्य व्यक्तियों के गोपनीयता अधिकारों को मजबूत करना और कानून के संभावित दुरुपयोग को रोकना है।''

# मुझे ऐसा लगा जैसे कोई फिल्म चल रही हो: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने नाम की घोषणा पर कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद पर अपने नाम की घोषणा होने को लेकर रेखा गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया को याद करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे कोई रील या फिल्म चल रही हो और इसके खत्म होने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

गुप्ता ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नामित किये जाने के बारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कोई फोन कॉल या संदेश नहीं मिला था, बल्कि सीधे घोषणा कर दी गई थी। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में रामलीला मैदान में शपथ लेने के बाद मुझे यह आश्वस्त करने के लिए खुद को चिकोटी काटनी पड़ी कि यह कोई सपना तो नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''तब मुझे लगा कि मैं यहां हूं और मुझे मुख्यमंत्री के रूप में काम करना है।''

गुप्ता ने कहा कि समाचार चैनलों ने जब उनका नाम मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष दावेदार के रूप में दिखाना शुरू किया तब उन्हें पता चला कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं। उन्होंने कहा, ''बाद में विधायक दल की बैठक में यह स्पष्ट हो गया। तब तक मुझे पार्टी या कहीं और से कोई संदेश नहीं मिला था।''



# जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर में हाथापाई: 'आप' ने पीडीपी, भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**जम्मू/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने विधायक मेहराज मलिक और भाजपा विधायकों के बीच जम्मू में विधानसभा परिसर में हुई हाथापाई को लेकर बृहस्पतिवार को पीडीपी और भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। मलिक के नेतृत्व में 'आप' के कार्यकर्ताओं ने भाजपा तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के खिलाफ प्रदर्शन किया और वे तख्तियां थामे हुए थे। उन्होंने हाथापाई में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मलिक ने कथित रूप से कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी जिसके बाद बुधवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों और 'आप' विधायक में हाथापाई हो गई थी। पीडीपी विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के खिलाफ मलिक की टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी जिसके बाद 'आप' के एकमात्र विधायक की सदन के बाहर मौजूद पीडीपी सदस्यों के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई और फिर सुरक्षाकर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। मलिक ने संवाददाताओं से कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों से संबंधित मुद्दे उठा रहा था। सदन चलने नहीं दिया गया। सदन सत्र चलने के बावजूद मुख्यमंत्री श्रीनगर में उनके (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य के) साथ थे। उन्होंने कहा, मैं सभी के लिए बोलता हूं – हिंदू, मुसलमान। अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुसलमानों के बारे में बात कर सकते हैं, तो मैं हिंदुओं के बारे में क्यों नहीं बोल सकता? भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवाल किया कि अगर भाजपा वास्तव में हिंदुओं की बात करती है तो उसने मंदिरों के पास से शराब की दुकानें क्यों नहीं हटवाईं।

मलिक ने कहा, अगर मैं ऐसे मुद्दे उठाता हूं, तो क्या मैं हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहा हूं? भाजपा चुनाव जीतने के लिए धार्मिक कार्ड खेल रही है। मलिक ने सईद पर जम्मू कश्मीर में भाजपा को सत्ता में लाने का दोषी होने का आरोप भी लगाया।

'आप' विधायक ने कहा, मैं मुफ्ती मोहम्मद सईद पर दिए गए अपने बयान पर कायम हूं... वे मुझे डरा नहीं सकते... उन्होंने मुस्लिम समुदाय को धोखा दिया है। मुफ्ती सईद की वजह से ही मैं इस हालत में हूं और भाजपा गुंडागर्दी कर रही है। अगर सदन में मेरी आवाज दबाई जा रही है और सदन के बाहर मुझ पर हमला हो रहा है, तो यह उन्हीं की वजह से है। दूसरी ओर, भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने मलिक पर निशाना साधते हुए कार्रवाई की मांग की तथा उनके खिलाफ कठोर जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) लगाने की भी मांग की। रंधावा ने कहा, उन्होंने अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। वह हमेशा हिंदुओं को गाली देते हैं। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे... विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने कहा कि 'आप' विधायक ने एक गुंडे की तरह व्यवहार करके संसदीय मानकों को गिराया है।

# मान ने 'राजनीतिक जासूसी' के लिए खुफिया तंत्र का 'दुरुपयोग' किया : पंजाब भाजपा प्रमुख



**चंडीगढ़/भाषा।** भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर राजनीतिक जासूसी के लिए राज्य के खुफिया तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पत्र लिखकर इस मामले की न्यायिक या स्वतंत्र जांच का आदेश देने का आग्रह किया। कटारिया को लिखे पत्र में जाखड़ ने पिछले महीने बजट सत्र के दौरान राज्य विधानसभा में दिए गए मान के बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के पंजाब मामलों के प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल की दिल्ली में पार्टी विधायकों के साथ बैठक के बारे में बात की थी। मान ने कहा था, मैं सत्ता में हूं और मुझे खुफिया रिपोर्ट मिलती है। जाखड़ ने सदन में मान के बयान का हवाला देते हुए कहा, यह कोई सरसरी टिप्पणी या राजनीतिक दिखावा नहीं था। यह राज्य के खुफिया तंत्र के उपयोग के बारे में सरकार के प्रमुख के रूप में उनका प्रत्यक्ष और स्पष्ट संदर्भ था। प्रदेश भाजपा प्रमुख ने कहा, ऐसा करके, मुख्यमंत्री ने प्रभावी रूप से राजनीतिक विरोधियों व पंजाब के बाहर आयोजित बैठकों, अन्य राजनीतिक दलों के आंतरिक कामकाज पर नजर रखने के लिए राज्य खुफिया संसाधनों के इस्तेमाल की बात स्वीकार की है।

# अमेरिका की शुल्क नीति के कारण भारत के सामने निर्यात बढ़ाने के अवसर : नितिन गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका की शुल्क नीति के कारण भारत के सामने दुनिया भर में अपना निर्यात बढ़ाने के अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करते हुए लॉजिस्टिक्स (माल के परिवहन एवं आपूर्ति का काम) खर्च घटाने की कोशिश कर रही है ताकि निर्यात के बाजार में चीन जैसे देशों को टक्कर दी जा सके। गडकरी ने इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में करीब 1,200 करोड़ रुपए की मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क परियोजना के जारी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

इसके बाद उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, आपको पता है कि आज दुनिया में किस तरह की बातें हो रही हैं। अब अमेरिका ने जिस प्रकार के शुल्क लगाए हैं, उसके कारण हमारे सामने कई अवसर भी हैं कि हम आने वाले समय में दुनिया भर के देशों में अपना निर्यात बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लॉजिस्टिक्स का खर्च 14 से 16% है, जबकि चीन में यह आठ प्रतिशत और अमेरिका और यूरोप के देशों में 12 प्रतिशत के स्तर पर है।

गडकरी ने कहा, चीन के मुकाबले भारत का लॉजिस्टिक्स खर्च करीब आठ प्रतिशत ज्यादा होने से हम निर्यात के मोर्चे पर प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाते हैं। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स खर्च घटाने के लिए देश भर में लॉजिस्टिक्स पार्क, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

▪ चैत्र शुक्ल - 14 ▪ संवत 2082 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 253 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 11-04-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



4 गर्मी में जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदारों की खैर नहीं

6 प्राकट्य उत्सव 12 अप्रैल पर विशेष हनुमान के गुणों को जीवन में उतारिए

7 पांच साल बाद एक्शन जॉनर में वापसी करेंगे रणदीप हुड्डा



## फर्स्ट टेक

### तहव्वुर राणा से उसका कोई लेना-देना नहीं है: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसका 26 नवम्बर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से कोई लेना–देना नहीं है और वह एक कनाडाई नागरिक है तथा उसने लगभग दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है। राणा का पाकिस्तान में 1961 में जन्म हुआ था और उसने पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं दी थीं और इसके बाद वह 1990 के दशक में कनाडा चला गया, जहां उसे नागरिकता दी गई। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने यहां साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''वह एक कनाडाई नागरिक है और हमारे रिकॉर्ड के अनुसार उसने दो दशकों से अधिक समय से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है।'' प्रवक्ता ने हालांकि ''दस्तावेजों'' का विवरण नहीं दिया, लेकिन ऐसे दस्तावेजों में अक्सर विदेशों में रह रहे पाकिस्तानियों के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र और पासपोर्ट शामिल होते हैं।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बंदर बाँट

आजादी से पहले सारा,
यह देश बँटा जागीरों में।
जर जोरू और जमीन बँटी,
कातिल खूनी शमशीरों में।
अब बाँट रहे हैं सीटों में,
नेता जन को दलवीरों में।
सत्ताएं बदली ना बदला,
दुर्भाग्य लिखा तकदीरों में।।

## मुंबई हमलों के आरोपी

# तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से ''सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित'' कराने के बाद भारत लाया गया और फिर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी मूल के 64–वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को बृहस्पतिवार शाम एक विशेष विमान से दिल्ली लाया गया, जिससे कई दिन से जारी इन अटकलों पर विराम लग गया कि उसे कब और कैसे प्रत्यर्पित किया जाएगा।

एनआईए ने देर शाम एक बयान में कहा कि राणा को ''दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया''। एजेंसी ने बताया कि राणा को एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) की टीम दिल्ली लेकर आईं। इसने कहा कि एनआईए की एक टीम ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद राणा को विमान से उतरने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया।



### तहव्वुर हुसैन राणा को दिल्ली की अदालत में पेश किया गया

मुंबई आंतकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को बृहस्पतिवार रात दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया। राणा को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष पेश किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेन्द्र मान ने एनआईए का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा अदालत में राणा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अधिवक्ता नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली/भाषा।** गृह मंत्रालय ने मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के खिलाफ दिल्ली में मुकदमे के लिए अधिवक्ता नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) नियुक्त किया। दिल्ली विश्वविद्यालय से वर्ष 1990 में विधि स्नातक मान ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का प्रतिनिधित्व किया है और वह कई महत्वपूर्ण मामलों में पेश हुए हैं। वह जनवरी, 2011 से अप्रैल, 2019 के बीच दिल्ली उच्च न्यायालय में सीबीआई के लिए विशेष लोक अभियोजक थे।

## राणा के भारत प्रत्यर्पण के बारे में सुनकर खुश हूं : इजराइली राजदूत



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने 26/11 के आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के भारत प्रत्यर्पण का बृहस्पतिवार को स्वागत किया। उन्होंने आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने की प्रतिबद्धता के लिए भारत सरकार का आभार भी जताया।

अजार ने एक वीडियो संदेश में कहा, हम 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए भयानक आतंकवादी हमलों के एक आरोपी के भारत प्रत्यर्पण के बारे में सुनकर खुश हैं, जिसमें इजराइलियों समेत कई निर्दोष नागरिक मारे गए थे। उन्होंने कहा, मैं आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने की प्रतिबद्धता के लिए भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। नई दिल्ली स्थित इजराइली दूतावास ने यह वीडियो मीडिया से साझा किया।

# अलग-अलग तरह की सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रही हैं भारत और पूरी दुनिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वेलिंगटन (तमिलनाडु)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी भू–राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं अधिक प्रभावित कर रही है और युद्ध की परंपरागत धारणाएं नये सिरे से परिभाषित की जा रही हैं।

तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि युद्ध भूमि में तकनीकी नवाचार की ताकत वाकई अद्भुत है। उन्होंने कहा, आज प्रौद्योगिकी भू–राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं ज्यादा प्रभावित कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, सैन्य स्वायत्तता, ड्रोन विज्ञान, क्वांटम, ब्लॉक चेन, अंतरिक्ष, साइबर सहित अन्य उभरती प्रौद्योगिकियां प्रतिरोध और युद्ध लड़ने के तौर–तरीके में क्रांति ला रही हैं। युद्ध अब जमीन, समुद्र और आकाश जैसे परंपरागत क्षेत्रों से परे अंतरिक्ष, साइबर, समुद्र के नीचे और रचनात्मकता के नये क्षेत्रों में लड़े जा रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, उदाहरण के लिए, ड्रोन विज्ञान यूक्रेन–रूस संघर्ष में एक परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के रूप में नहीं, बल्कि एक नये हथियार के रूप में उभरा है। सैनिकों और उपकरणों की अधिकांश क्षति के लिए पारंपरिक तोपों या कमजोर सुरक्षा कवच को नहीं, बल्कि ड्रोन को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने कहा, इसी तरह, पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष क्षमताएं सैन्य खुफिया जानकारी, सतत निगरानी, तैनाती, लक्ष्य निर्धारण और संचार के तरीके में बदलाव ला रही हैं तथा युद्ध को एक नई ऊंचाई पर ले जा रही हैं। युद्ध भूमि में तकनीकी नवाचार की ताकत वास्तव में अद्भुत है।

राजनाथ ने कहा कि वर्तमान में जारी संघर्ष और समकालीन रुझान इस तथ्य को उजागर करते हैं कि युद्ध की परंपरागत धारणाएं नये सिरे से परिभाषित की जा रही हैं।




## वक्फ अधिनियम के खिलाफ कोलकाता में विशाल रैली

### प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजेगा जमीयत-ए-उलेमा हिंद

**कोलकाता/भाषा।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ बृहस्पतिवार को कोलकाता के रामलीला मैदान में एक विशाल विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान पश्चिम बंगाल के मंत्री और जमीयत–ए–उलेमा हिंद के प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने घोषणा की कि कानून को निरस्त करने की मांग करते हुए एक करोड़ हस्ताक्षरों वाला एक ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंपा जाएगा। जमीयत की प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ी और ईसाइयों व सिखों ने भी इसमें भाग लिया।

जैन युवा संगठन (पंजि.)
जैन युवा संगठन सेवा ट्रस्ट (पंजि.)
Sankalp Bussiness Bay, Shop No. 320, 3rd floor Railway Compound opp ETA Gardens, Magadi Road, Bengaluru - 560023 Ph : 98452 19483, 94487 97287
शिक्षा-सेवा-संगठन Estd. 1988

हार्दिक आभार

बेंगलोर में उपस्थित सभी आचार्यवृन्द, साधुगण, साध्वीगण एवं श्रमणी वृन्द के चरणों में कोटिश वन्दन। श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2624 वे जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल 2025 को कुण्डलपुर नगरी में सानन्द संपन्न हुआ। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने हेतु समस्त जैन समाज, वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी, विशेष सहयोगी, दानदाता, सहयोगी संघ–संस्थाएँ, मंडल, सेवा ट्रस्ट के भामाशाह–दानवीर–सेवा शिरोमणी, बेंगलोर के प्रमुख पत्रकार, मीडिया एवं समस्त समाचार पत्र–पत्रिकाओं एवं अन्य महानुभावों ने प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रुप से जो भी सहयोग जैन युवा संगठन को प्रदान किया, इस हेतु संगठन आप सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। आप सभी के सहयोग से ही यह आयोजन अत्यन्त सफल रहा।

भविष्य में भी आपका सान्निध्य, सहयोग एवं मार्गदर्शन हमें इसी प्रकार मिलता रहेगा, इसी आशा एवं विश्वास के साथ

आप का अपना जैन युवा संगठन

विशेष अनुरोध : उपरोक्त आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले, समस्त सहयोगी संस्थाओं, मंडलों का सम्मान समारोह रविवार दि. 13-4-2025 को प्रात: ठीक 10.00 बजे से जैन कॉलेज, जे सी रोड, बेंगलोर–27 में रखा गया है। समस्त सहयोगी संघ–संस्थाओं के पदाधिकारीगण सादर आमंत्रित है।

| जैन महावीर मुणोत | जैन मुकेश सुराणा | जैन नीरज कटारिया | जैन सुश्रुत चेलावत | जैन संतोष डुंगरवाल |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मंत्री | सहमंत्री | कोषाध्यक्ष |

कार्यकारिणी समिति सदस्य, चेयरमेन एवं समस्त सदस्यगण

इस आयोजन में संगठन के सदस्यों की ओर से जाने-अनजाने में कोई कष्ट पहुँचा हो तो हम हार्दिक क्षमाप्रार्थी है।




## वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 को उच्चतम न्यायालय में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय की एक पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वालीं लगभग 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी, जिनमें एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी की याचिका भी शामिल है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन भी याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली इस पीठ में शामिल होंगे।

## चंद्रमा के दूरदराज के हिस्से की मिट्टी में पृथ्वी वाले हिस्से की तुलना में शुष्कता के संकेत

**केप कैनवेरल/एपी।** चीन के वैज्ञानिकों ने बुधवार को बताया कि चंद्रमा के सुदूर भाग से प्राप्त मिट्टी और चट्टानों से संकेत मिलते हैं कि वह हिस्सा पृथ्वी की ओर वाले हिस्से की तुलना में अधिक शुष्क हो सकता है। वैज्ञानिकों ने हालांकि कहा कि स्पष्ट तस्वीर के लिए और अधिक नमूनों की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि चंद्र आवरण में पानी की प्रचुरता यह समझाने में मदद कर सकती है कि चंद्रमा कैसे विकसित हुआ। पिछले साल चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर उतरने वाला पहला देश बन गया था। अंतरिक्ष यान 'चांग'ई 6' ने दक्षिण ध्रुव–'ऐटकेन बेसिन' से ज्वालामुखीय चट्टान और मिट्टी को निकाला था। 'चीनी विज्ञान अकादमी' के सेन हू ने बताया कि उन्होंने और उनकी टीम ने पांच ग्राम मिट्टी के नमूने लिए और फिर विस्तृत विश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप की मदद से 578 कणों का चयन किया।



श्री हनुमान सेवा समिति, बेंगलूरु
की 30वीं प्रस्तुति

कल, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

श्री हनुमान जन्मोत्सव

GODWAD BHAWAN
Behind Poornima Theater, Near Jain College, Lalbagh Road Cross, Bangalore

विशेष आकर्षण - श्री हनुमानजी महाराज की मनमोहक झांकी



श्री हरिकिशन सारड़ा, बेंगलूरु — श्री प्रकाश मिश्रा कोलकाता — श्री प्रभात करनाणी बेंगलूरु

अपराह्न 2.30 बजे संगीतमय सुन्दरकांड पाठ
जसवंतगढ़ नागरिक परिषद प्रमुख श्री हरिकिशन सारड़ा

- सायं 5.30 बजे : भजन श्री प्रभात करनाणी द्वारा
- सायं 7.00 बजे : भजन श्री प्रकाश मिश्रा द्वारा
- रात्रि 9.30 बजे : मंगल आरती एवं महाप्रसाद

सहयोगी संस्थाएं

अग्रवाल समाज कर्नाटक माहेश्वरी सभा स्वास्तिक सेवा संघ श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट श्री गोपीकृष्ण संकीर्तन मंडल राधिका मंडल आरएलवी भक्त मंडल श्री गुर्जर गौड़ समाज सौरभ सांस्कृतिक संस्थान श्याम दीवाने आपणो परिवार मारवाड़ी युवा मंच नोखा नागरिक परिषद जसवंतगढ़ नागरिक परिषद विप्र फाउण्डेशन जोन 18 गौड़ ब्राह्मण संघ,कर्नाटक खांडल विप्र शाखा सभा श्री सालासर बालाजी सेवा समिति कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन श्री दादी धाम प्रचार समिति मां शाकम्भरी सेवा समिति श्री श्याम परिवार कीर्तन मंडल श्री श्याम सखा परिवार श्री श्याम सेवा संघ माहेश्वरी महिला संगठन श्याम मंडल

सभी श्रद्धालुगण सादर सपरिवार, मित्रों सहित आमंत्रित हैं

अमृततुल्य महाप्रसाद की व्यवस्था रखी गई हैं, कृपया अवश्य ग्रहण करें।

कमेटी मेम्बर
- R.L. Bhutra
- Shreekant Parashar
- L.N. Daga
- Sandeep Agrawal
- Sushil Tibrewal
- Praveen Rungta
- Pawan Rungta
- Suresh Jain
- T.C. Goyal
- Sajjan Sharma
- Omprakash Mantri
- Vinay Tibrewal
- R.M. Jhawar
- Kamlesh Didwaniya
- Madan Maheshwari

रेवन्तमल विकासकुमार झंवर शुभकामनाओं सहित सज्जन अभिषेक शर्मा

# गर्मी में जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदारों की खैर नहीं : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी के बाद पेयजल की मांग और उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार दोपहर मुख्यमंत्री निवास पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी में जनता को अगर पानी के लिए परेशान होना पड़ा, तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ी है, ऐसे में आमजन को बढ़ी हुई मांग के अनुसार पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलक्टर्स कंटीन्जेंसी प्लान के अनुसार पेयजल प्रबंधन स्वयं की देखरेख में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की किसी तरह की किल्लत नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि अंतिम छोर के उपभोक्ताओं को भी पेयजल की कोई दिक्कत नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पीएचईडी के फील्ड अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहें और बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए नए हैण्डपम्प, नलकूप लगाने, पुराने हैण्डपम्प, नलकूपों की मरम्मत, पाइपलाइनों को दुरस्त करने सहित पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के सभी कार्य 15 मई से पहले हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिला कलक्टरों को एक-एक करोड़ रुपए का अनटाइड फंड उपलब्ध करवाया गया है। अधिकांश जिलों में इस फंड का उपयोग करते हुए स्वीकृतियां



जारी कर कार्य शुरू कर दिये गए हैं। उन्होंने शेष जिलों के जिला कलक्टरों को भी स्वीकृतियां शीघ्र जारी कर कार्य दी गई समयसीमा में पूरा करवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 मई से पहले गत वर्ष बजट में स्वीकृत सभी हैंडपम्प और नलकूपों को चालू कर दिया जाए तथा इस बजट में स्वीकृत किए गए 1000 नए नलकूप और 2500 नए हैण्डपम्प की वित्तीय स्वीकृति भी जल्द जारी कर कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। बैठक में बताया गया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अप्रैल माह में 2 लाख 35 हजार से अधिक हैण्डपम्पों की मरम्मत की गई है। गत वर्ष बजट में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 नलकूप और 10 हैण्डपम्प स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 800 से अधिक नलकूप और 1400 हैण्डपम्प इस माह के अंत तक क्रियाशील हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में गर्मी के दौरान पेयजल आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 142 करोड़ रुपए के 1244 कार्य और शहरी क्षेत्रों में 68 करोड़ रुपए के 153 कार्य स्वीकृत कर जरूरत के अनुसार नलकूपों की गहराई बढ़ाने, पाइप लाइन डालने और बदलने तथा पम्पसेट आदि की मरम्मत के काम करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य अभी तक भी प्रारम्भ नहीं हुए हैं, वे 10 दिन के भीतर शुरू कर आगामी 15 मई से पहले पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि अप्रैल से जुलाई तक गर्मी के पीक सीजन में टैंकरों से पेयजल की मांग पूरी करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 82 करोड़ और शहरी क्षेत्र में 25 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएचईडी अधिकारी बिजली विभाग के अधिकारियों से समन्वय बना कर रखें ताकि पीक लोड के कारण बिजली ट्रिपिंग, फॉल्ट आदि की स्थिति में भी नलकूपों की विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के जिलों में नहरबंदी के दौरान भी पेयजल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी, इसके लिए उन्होंने स्वयं हनुमानगढ़ और गंगानगर के दौरे के दौरान अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति की समीक्षा की है। पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नहरबंदी के दौरान पहले माह में आंशिक क्लोजर ही रखा गया है और पेयजल के लिए पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है।



# आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरे के तहत श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने पावर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत उत्पादन के लिए संचालित इकाइयों का सुव्यवस्थित संचालन किया जाए जिससे ग्रीष्म ऋतु में किसानों व आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

शर्मा ने पावर स्टेशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि पॉवर स्टेशन के सभी तकनीकी पहलुओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए जिससे ब्रेक-डाउन जैसी स्थिति के कारण विद्युत उत्पादन प्रभावित नहीं हो तथा तकनीकी खराबी के कारण उत्पादन इकाइयों के शट डाउन जैसी स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने सभी इकाइयों की विद्युत उत्पादन क्षमता की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नवीन तकनीक से कम लागत में प्रदेश के बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन में 125/250 मेगावॉट ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। वहीं, आरवीयूएनएल एवं कोल इंडिया के संयुक्त उपक्रम द्वारा सूरतगढ़ थर्मल पॉवर स्टेशन में 100 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए एमओयू किया जा चुका है। इन अहम निर्णयों से राज्य सरकार का किसानों को दिन में बिजली देने का संकल्प पूरा होगा।

इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सीएमडी देवेन्द्र शृंगी, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव (पश्चिम) अमरजीत सिंह, सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन के चीफ इंजीनियर के.सी. सिंघल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# भगवान महावीर के संदेशों में निहित है जीवन का सार : संजय शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को अलवर में महावीर जयन्ती के पावन पर्व पर सकल जैन समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा एवं महाआरती कार्यक्रम में शिरकत की। शर्मा ने महावीर जयन्ती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर जी ने सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह आदि मूल्यों पर बल दिया।

उनके प्रवचनों का सार त्याग, संयम, प्रेम, करूणा और सचादार में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जी की शिक्षाएं अहिंसा के माध्यम से मुक्ति का मार्ग दिखाती हैं। भगवान महावीर ने अहिंसा का पालन शारीरिक, मानसिक और वाचिक रूप से करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया में तनाव व वैमन्स्य फैल रहा है तो भगवान महावीर का यह संदेश हमें अपने भीतर के अंहिसा के भाव को जाग्रत करने की प्रेरणा देता है। भगवान महावीर जी ने शांति, सद्भावना और मानव सेवा का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। वन मंत्री ने कहा कि भगवान महावीर जी के इन गुणों को सभी लोगों को आत्मसात करना चाहिए।

शर्मा ने शोभायात्रा के दौरान श्रृद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की एवं महाआरती में शामिल होकर भगवान महावीर जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# अलवर में दलित समाज ने पूर्व विधायक आहूजा के खिलाफ निकाली रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान के अलवर में दलित समाज ने गुरुवार को स्वाभिमान न्याय रैली निकालकर पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से बर्खास्त करने की मांग की। यह रैली अंबेडकर सर्किल से शुरू हुई और जिला कलेक्टर तक पहुंची। रैली में दलित समाज के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अंबेडकर सर्किल पर एकत्र हुए और अंबेडकर मूर्ति पर माला अर्पण कर आहूजा के खिलाफ प्रदर्शन किया।

रैली में कार्यकर्ताओं ने पट्टियां अपने हाथों में ली हुई थी, जिसमें ज्ञान देव आहूजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और पार्टी से बर्खास्त करने की मांग की गई। इसके बाद कार्यकर्ता भगत सिंह चौराहे रुके, जहां पर भगत सिंह मूर्ति को माल्यार्पण किया। प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। दलित नेता सूरजमल कर्दम ने बताया कि भाजपा नेता आहूजा ने जिस तरीके का बयान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीकाराम जूली के बारे में कहा है और उनके मंदिर प्रवेश के बाद गंगाजल का छिड़काव किया है। यह दलितों का विरोध है, दलित समाज इसके लिये उनको कभी माफ नहीं करेगा। आज दिये ज्ञापन के माध्यम से उनको पार्टी से बर्खास्त करने और मुकदमा दर्ज करने की मांग की गयी है।

# युवक की हत्या के आरोप में पत्नी एवं उसका प्रेमी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के अजमेर जिले में एक युवक की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी एवं एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी युवक इस महिला का कथित प्रेमी है। अजमेर की जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि मंगलवार को नसीराबाद के पास मस्तान चीता का शव मिला तथा जांच के बाद उसकी पत्नी जनता (29) और बशीर खान (29) को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जनता और बशीर खान एक साल से एक दूसरे के संपर्क में थे तथा कुछ समय पहले वह उसके साथ भाग गई थी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने उन्हें (जनता एवं बशीर को) ढूंढ निकाला था और जनता फिर से अपने पति मस्तान के साथ रहने लगी। उन्होंने बताया, (इसी बीच) महिला ने अपने प्रेमी बशीर के साथ मिलकर मस्तान को खत्म करने की साजिश रची। मस्तान को कुछ पैसों की जरूरत थी और पैसे उधार देने के बहाने बशीर ने उसे सोमवार शाम नसीराबाद रोड के पास बुलाया। जब दोनों मिले तो उन्होंने साथ में शराब पी। साजिश के मुताबिक बशीर ने कम शराब पी और मस्तान को ज्यादा शराब पिलाई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मस्तान के नशे में धुत होने पर बशीर ने चाकू से उसका गला रेत दिया लेकिन अधिक नशे में होने के कारण वह (मस्तान) अपना बचाव नहीं कर सका । उन्होंने बताया कि जनता और बशीर की संलिप्तता की ओर इशारा करने वाले सबूत मिलने के बाद पुलिस ने उन दोनों को हिरासत लिया और पूछताछ की। राणा ने बताया, महिला हत्या की साजिश रचने में शामिल थी। मामले की जांच की जा रही है। अपराध में किसी अन्य व्यक्ति के शामिल पाए जाने पर उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## स्वागत



भीलवाड़ा में गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीति, विचार और सेवा भावना को और अधिक प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।



# मेट्रो विस्तार से जयपुर में यातायात प्रबंधन को मिलेगी मजबूती : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो फेज-2 की डीपीआर में प्रस्तावित सीतापुरा से अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर तक भविष्य की आवश्यकता तथा आमजन की सुगमता को देखते हुए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि जयपुर एक ऐतिहासिक और तेजी से बढ़ता शहर है और मेट्रो का विस्तार यहां की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुरवासियों के लिए सुगम एवं अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित किया जाए जिससे जयपुर स्मार्ट सिटी की दिशा में देशभर में मॉडल शहर बने। शर्मा ने कहा कि मेट्रो फेज-2 के तहत प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन किया जाये ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मेट्रो की डीपीआर में प्रस्तावित रूट, अनुमानित लागत, परियोजना की व्यवहार्यता तथा वित्तीय मॉडल की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना में आमजन की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए रूट का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि मेट्रो स्टेशन ऐसे स्थानों पर बनाए जाएं जो आम लोगों की पहुंच में हों, और इसके साथ-साथ रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के नजदीक मेट्रो स्टेशन बनाया जाना सुनिश्चित करें जिससे मेट्रो की उपयोगिता अधिकतम हो। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती आनंदी सहित जयपुर मेट्रो से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जसोलधाम में त्रयोदशी पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अभूतपूर्व संगम, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बालोतरा। चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर राणी भटियाणी मंदिर संस्थान (जसोलधाम) में एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ ने जसोलधाम को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग गईं। जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, भक्तों ने जयकारों के साथ मां के दरबार में दर्शन का शुभारंभ किया।

इस पावन अवसर पर मंदिर संस्थान की ओर से त्रयोदशी के दिन विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। राणीसा भटियाणीसा सहित परिसर में स्थित बायोसा, सवाईसिंह जी, लाल बन्ना सा, खेतलाजी तथा काला-गौरा भैरव जी के मंदिरों को विभिन्न रंग-बिरंगे फूलों और पारंपरिक सजावटी सामग्री से सुसज्जित किया गया। यह दिव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर संस्थान ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छायादार टेंट, शीतल पेयजल, फव्वारे और विश्राम स्थलों की उत्तम व्यवस्था की थी। व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कई भक्तों ने मंदिर संस्थान का आभार व्यक्त किया और इसे 'सुव्यवस्थित आयोजन की मिसाल' बताया।

त्रयोदशी के दिन लाभार्थी परिवार की ओर से विशाल अन्नपूर्णा प्रसाद एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। यह पुण्य कार्य महेंद्र सिंह सुपुत्र स्व. महाराज सिंह भाटी (निवासी: संग्राम सिंह की ढाणी, भणियाणा, जैसलमेर; हाल निवासी: मधुबन कॉलोनी, बाड़मेर) द्वारा समर्पित भाव से संपन्न किया गया।

धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

पुष्कर से आए प्रसिद्ध नगारची कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। वहीं राजस्थान की पारंपरिक 'गैर नृत्य शैली' की प्रस्तुति ने ढोल की थाप और थाली की झंकार पर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। बाड़मेर के हड़वा गाँव से आए मांगणियार कलाकारों की सुमधुर वाणी में प्रस्तुत भजनों ने भक्तों को भक्ति में सराबोर कर दिया।

# एसआई भर्ती परीक्षा में 'डमी' के रूप में बैठने के आरोप में आरएएस अधिकारी गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती-2021 परीक्षा में दो व्यक्तियों के लिए 'डमी' परीक्षार्थी के रूप में बैठने के आरोप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त महानिदेशक (एसओजी) वी के सिंह ने बताया कि जैसलमेर जिले के फतेहगढ़ के उपखंड अधिकारी (एसडीएम) हनुमानाराम को बुधवार रात जैसलमेर से जयपुर लाया गया और गिरफ्तार कर लिया गया।


उन्होंने कहा, वह एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में दो उम्मीदवारों के लिए डमी उम्मीदवार के रूप में बैठा था। जांच के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सिंह के अनुसार इस आरएएस अधिकारी को जयपुर की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त महानिदेशक ने कहा कि हनुमानाराम 2018 बैच का आरएएस अधिकारी है और उसे कल फिर पेश किया जाएगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 13 से 15 सितंबर 2021 तक पुलिस एसआई परीक्षा आयोजित की थी। एसओजी परीक्षा में अनियमितताओं की जांच कर रहा है।

# कई इलाकों में बारिश व आंधी का अनुमान

जयपुर। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के कई हिस्सों में तेज आंधी व बारिश की संभावना बनी है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इसके अनुसार, एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कुछ भागों में अगले 2-3 दिन दोपहर बाद बादलों की गरज और बिजली की चमक के साथ, आंधी-बारिश की संभावना है और इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट होगी। विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में दोपहर बाद आंधी तथा हल्की बारिश की संभावना है। विक्षोभ का सर्वाधिक असर 11-12 अप्रैल को रहेगा। 11 अप्रैल को बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है।

वहीं 12 अप्रैल को उदयपुर, अजमेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज अंधड़ चलने व हल्की मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसके बाद 13 अप्रैल से अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।





## दूसरा नम्मा बेंगलूरु इंटरनेशनल ग्रैंड मास्टर्स ओपन शतरंज टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

# शतरंज हमें राजनीतिक चुनौतियों का रणनीतिक तरीके से सामना करना सिखाता है : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां के कोरमंगला में इंडोर स्टेडियम में दूसरे नम्मा बैंगलोर इंटरनेशनल ग्रैंड मास्टर्स ओपन शतरंज टूर्नामेंट – 2025 का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, 'राजनीति रणनीति की एक कला है, शतरंज की तरह है।' उन्होंने एक प्रतीकात्मक शतरंज चाल के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और खेल और राजनीति के बीच समानताएं बताईं। उन्होंने कहा, शतरंज हमें आगे की सोचना, हर कदम पर सतर्क रहना और विरोधियों से निपटना सिखाता है – बिल्कुल राजनीति की तरह। शतरंज में राजा की रक्षा करना शासन में नेतृत्व को नियंत्रित करने के समान है, इसके लिए मानसिक चपलता और दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है।

उपमुख्यमंत्री ने कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में शतरंज को बढ़ावा देने के लिए पहल करने के लिए कल्याण कर्नाटक बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अजय धर्मसिंह की प्रशंसा की। उन्होंने अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए आश्वासन दिया, हम अपने जिलों में इस खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

इस आयोजन का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए शिवकुमार ने कहा कि टूर्नामेंट के लिए 10,000 से ज़्यादा खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है – जो कि एक ज़बरदस्त प्रतिक्रिया को दर्शाता है। यह सिर्फ़ एक बार होने वाला आयोजन नहीं है। भारत का शतरंज से हमेशा से गहरा नाता रहा है, जिसने विश्वनाथन आनंद और गुकेश जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को जन्म दिया है। यह खेल व्यक्तियों को उनकी असली क्षमता को उजागर करने में मदद कर सकता है।

डॉ. अजय धर्मसिंह ने इस बात पर जोर दिया कि कल्याण कर्नाटक के सात जिले राज्य की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में शतरंज को प्राथमिकता देना है। खेल की तरह ही, हमें अपने प्रतिद्वंद्वी की चाल के आधार पर अपनी रणनीति बदलनी चाहिए। 20 देशों और 25 भारतीय राज्यों के प्रतिभागियों के साथ, बेंगलूरु वास्तव में एक वैश्विक शतरंज केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, उन्होंने टिप्पणी की। कर्नाटक राज्य शतरंज संघ की उपाध्यक्ष सौम्या एमयू ने वैश्विक शतरंज परिदृश्य में शहर के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। हमारा लक्ष्य शतरंज के लिए बेंगलूरु को विश्व मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करना है। उन्होंने कहा, 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ, यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को बहुत बढ़ावा देगा। 6 से 82 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों को देखना उत्साहजनक है। इस कार्यक्रम में युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव रणदीप डी, अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ. डीपी अनंथा और कर्नाटक राज्य शतरंज संघ के अध्यक्ष मधुकर टीएन भी मौजूद थे।

# कर्नाटक में 'जनाक्रोश' 'प्रशासनिक पतन' का सबूत है : आर अशोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि राज्य में 'जनाक्रोश' इस बात का सबूत है कि सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक मशीनरी ध्वस्त हो चुकी है और भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं पार हो चुकी हैं। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार बसवराज रायरेड्डी के कथित बयानों का हवाला देते हुए सरकार की आलोचना की, जिन्होंने कहा कि कर्नाटक भ्रष्टाचार में नंबर एक स्थान पर है। उन्होंने मंत्री डी. सुधाकर के कथित बयान का भी हवाला दिया जिन्होंने कहा है कि सरकार 20 महीने बाद अब जाकर उभरी है।

अशोक ने इन टिप्पणियों को सरकार के कामकाज को दर्शाने वाला प्रमाणपत्र बताया। अशोक ने एक बयान में कहा, पूरे राज्य में लोग इस सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। पार्टी की 'जन आक्रोश यात्रा' के लिए समर्थन और विभिन्न जिलों में लोगों द्वारा व्यक्त की गई भावनाएं इसका स्पष्ट प्रमाण हैं। कर्नाटक भाजपा ने सोमवार को अपनी 16 दिवसीय 'जनाक्रोश यात्रा' शुरू की – जो आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों, मुस्लिमों के कथित तुष्टीकरण और दलित कल्याण के लिए निर्धारित धन के कथित दुरुपयोग को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक राज्यव्यापी अभियान है। कांग्रेस सरकार को धोखेबाज बताकर उस पर खराब शासन का आरोप लगाते हुए अशोक ने कहा कि अपनी विफलताओं को छिपाने के प्रयास उलटे पड़ गए हैं। उन्होंने दावा किया, 20 महीनों में सिद्दरामय्या सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है।

# सिरा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा व्यावहारिक नहीं; जिला हवाई अड्डा संभव है : पाटिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में तुमकुरु जिले के सिरा में बेंगलूरु के लिए दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित करने की मांग तेज हो गई है और गृह मंत्री जी परमेश्वर इसका समर्थन कर रहे हैं तो वहीं बुनियादी ढांचा मंत्री एमबी पाटिल ने बृहस्पतिवार को संकेत दिया कि ऐसा किया जाना संभवत: व्यावहारिक नहीं है। पाटिल ने कहा कि यदि सिरा में हवाई अड्डा बनाया जाता है तो यह बेंगलूरु के लिए एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा न होकर एक जिला या क्षेत्रीय हवाई अड्डा बन जायेगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक टी बी जयचंद्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान में विभिन्न दलों के कई विधायकों ने हाल में मुख्यमंत्री और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को दी गई एक अर्जी पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें प्रस्तावित हवाई अड्डा बेंगलूरु से लगभग 120 किलोमीटर दूर सिरा में स्थापित करने का अनुरोध किया गया है।

राज्य सरकार ने शहर के दूसरे हवाई अड्डे के लिए पहले ही तीन स्थानों को सूचीबद्ध कर लिया है – दो स्थान हारोहल्ली के निकट कनकपुरा रोड पर और एक नेलमंगला में कुनिगल रोड पर तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की टीम ने पिछले कुछ दिनों में इन स्थलों का निरीक्षण किया है।

पाटिल ने कहा, ''यदि सिरा में हवाई अड्डा बनना है – जयचंद्र वरिष्ठ हैं, मैं उनका सम्मान करता हूं – तो यह बेंगलूरु के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नहीं होगा और यह तुमकुरु तथा चित्रदुर्ग जिलों के लिए हवाई अड्डा बन जायेगा।''

उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ''मैंने यहां तक कहा है कि हम तुमकुरु, सिरा और चित्रदुर्ग क्षेत्र के लिए एक जिला हवाई अड्डे पर विचार कर रहे हैं।'' सिरा में हवाई अड्डा स्थापित करने की मांग पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि इस संबंध में सलाहकारों के साथ चर्चा की जाएगी, जो रिपोर्ट तैयार करेंगे।

इस बीच, तुमकुरु में पत्रकारों से बात करते हुए परमेश्वर ने कहा कि यदि सिरा या कोरटगेरे या क्षेत्र के किसी अन्य स्थान पर हवाई अड्डा बनता है तो उन्हें खुशी होगी, क्योंकि इससे वहां विकास में मदद मिलेगी। परमेश्वर ने कहा कि एएआई ने कनकपुरा रोड के निकट और नेलमंगला में कुनिगल रोड पर स्थित स्थलों का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा, उन्होंने वहां निरीक्षण किया है, उनके अपने मापदंड होंगे जिसके आधार पर वे सिफारिशें देंगे। वे निरीक्षण के लिए सिरा नहीं आए हैं, अगर वे इस पर विचार करते हैं तो यह मददगार होगा। गृह मंत्री ने कहा, यदि हवाई अड्डा सिरा या वसंत नारायणपुर या उसके आसपास के किसी क्षेत्र में बनता है तो यह मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे 20 जिलों को मदद मिलेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के स्थल को तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर अंतिम रूप दिया जायेगा। पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार ने तीन स्थलों को चुना है और एएआई की टीम ने इनका निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस बात की जांच की है कि भूमि उपयुक्त है या नहीं और इनकी रिपोर्ट इसी के आधार पर तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा, एएआई की भूमिका केवल इतनी ही होगी। एएआई से उम्मीद है कि वह संभवत: पंद्रह दिन या एक महीने में व्यवहार्यता रिपोर्ट दे देगा।

# बलडोटा ग्रुप कर्नाटक में 54,000 करोड़ रुपये के निवेश से इस्पात क्षेत्र में देगा दस्तक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेल्लारी/नई दिल्ली। विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में कार्यरत बलडोटा समूह कर्नाटक में 1.05 करोड़ टन उत्पादन क्षमता वाली परियोजना स्थापित करने के लिए 54,000 करोड़ रुपये के निवेश से इस्पात क्षेत्र में दस्तक देने की योजना बना रहा है। समूह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी के एक बयान के अनुसार, एकीकृत इस्पात परियोजना के उपाध्यक्ष नागराज एन बी ने कहा कि एक बार चालू हो जाने पर, यह नई परियोजना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र होगा। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।

कर्नाटक के इस समूह के अनुसार, यह वर्तमान में नवीकरणीय ऊर्जा (पवन और सौर), पोत परिवहन, खनन आदि जैसे क्षेत्रों में काम करता है। उन्होंने कहा, पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अध्ययन के बाद हमें 35 लाख टन क्षमता के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय मंजूरी मिल गई है। परियोजना का पहला चरण इस साल शुरू होने की उम्मीद है।

नागराज एन बी ने कहा कि शेष क्षमता अगले पांच साल में 2030 तक विभिन्न चरणों में जोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का लक्ष्य अपनी कुल स्थापित इस्पात निर्माण क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाना है। देश की वर्तमान क्षमता लगभग 18 करोड़ टन है। नागराज एनबी ने कहा कि समूह का लक्ष्य देश के 30 करोड़ टन लक्ष्य में 1.05 करोड़ टन का योगदान करना है। प्रस्तावित संयंत्र में स्वयं के उपयोग के लिए 295 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का प्रावधान भी शामिल हैं।

बयान में समूह ने कहा कि कुछ वर्गों ने परियोजना के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में चिंता जताई थी। इसीलिए, कंपनी ने डिजाइन चरण के दौरान परियोजना के लिए किये गये पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के निष्कर्ष जारी किए, जो पर्यावरण अनुकूल कदम, प्रदूषण और अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों को बताते हैं।

# महंगाई को लेकर 17 को केंद्र सरकार के खिलाफ बेंगलूरु में विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस महंगाई और भाजपा की 'जनाक्रोश यात्रा' का मुकाबला करने के लिए 17 अप्रैल को बेंगलूरु में विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस समेत सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार बताया।

कांग्रेस ने कर्नाटक भाजपा की 16 दिवसीय 'जनाक्रोश यात्रा' के जवाब में यह घोषणा की है। भाजपा ने कर्नाटक में आवश्यक वस्तुओं की कीमत में वृद्धि, मुसलमानों के कथित तुष्टीकरण और दलितों के कल्याण के लिए निर्धारित धन का कथित तौर पर किसी दूसरी जगह इस्तेमाल किए जाने के खिलाफ राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश यात्रा निकाली है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा, हमें भाजपा को जवाब देना है। इसलिए, 17 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या, एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और मेरे नेतृत्व में हम भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ जनाक्रोश प्रदर्शन करेंगे। तालुका और जिला स्तर के विरोध प्रदर्शनों के बारे में हम बाद में सूचित करेंगे। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी और महंगाई तथा प्रदेश भाजपा के रुख की निंदा करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा हमारी सरकार के खिलाफ जनाक्रोश की बात कर रही है, लेकिन वास्तव में लोग मुफ्त बस सेवा, मुफ्त बिजली, मुफ्त 10 किलोग्राम चावल तथा महिलाओं के खातों में 2,000 रुपये प्रति माह जमा कराए जाने जैसी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। हमने सर्वेक्षण कराया है, लोग खुश हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार को रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की भारी बढ़ोतरी की और पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की, लेकिन खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया।

## महावीर जयंती




हासन में भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी के 2624वें जन्मकल्याण महोत्सव पर मुख्यअतिथि के रूप में राज्यपाल थावरचन्द गहलोत ने भाग लिया। इस मौके पर गहलोत ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के सिद्धांतों के माध्यम से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सार्वभौमिक भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया। राज्यपाल ने कहा, भगवान महावीर का दिव्य संदेश 'अहिंसा परमो धर्म' अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

# लंदन का इंपीरियल कॉलेज बेंगलूरु में भारतीय केंद्र खोलेगा : अध्यक्ष ह्यूग ब्रैडी

बेंगलूरु/नई दिल्ली। लंदन का इंपीरियल कॉलेज भारत और ब्रिटेन के बीच वैज्ञानिक, शिक्षा और नवाचार साझेदारी को मजबूत करने के लिए बेंगलूरु में अपना भारतीय केंद्र स्थापित करने जा रहा है। कॉलेज के अध्यक्ष ह्यूग ब्रैडी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंपीरियल ग्लोबल इंडिया नामक केंद्र की स्थापना एक संपर्क कार्यालय के रूप में की जाएगी और इसका ध्यान इंपीरियल तथा भारत के अग्रणी विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के बीच नयी शोध साझेदारियों को मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

ब्रैडी ने कहा कि यह उद्योग और नीति निर्माताओं के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए एक संचार माध्यम के रूप में भी काम करेगा और भारत और ब्रिटेन के बीच नवाचार में अधिक सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ब्रैडी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि सिंगापुर, अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को और घाना में अकरा के बाद बेंगलुरू इंपीरियल ग्लोबल नेटवर्क केंद्र की श्रृंखला में चौथे स्थान पर है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह हब इंपीरियल कॉलेज, लंदन का शाखा परिसर नहीं होगा जिसे नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में दुनिया में दूसरा सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय और ब्रिटेन में शीर्ष विश्वविद्यालय बताया गया था। ब्रैडी ने कहा, हम सैन फ्रांसिस्को, सिंगापुर और अकरा जैसे कई वैश्विक केंद्र खोल रहे हैं। वे शाखा परिसर नहीं हैं, वे हमें उन देशों में काम करने में मदद करना चाहते हैं जहां हमारे पास सहयोग का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है, ताकि हम कार्यों का उपयोग करके उन क्षेत्रों में बड़े और व्यापक अनुसंधान कार्यक्रम विकसित करें जिससे सभी संबंधित पक्षों को लाभ हो।

इंपीरियल कॉलेज अपने केंद्र के माध्यम से दूरसंचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम, जैव प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में ब्रिटेन-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल के साथ समन्वित संयुक्त परियोजनाएं विकसित करने का प्रयास करेगा। भारत में केंद्र का नेतृत्व प्रोफेसर संजीव गुप्ता और एलेना डिकमैन करेंगे। गुप्ता एक पृथ्वी वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने गंगा बेसिन में प्रारंभिक सभ्यताओं पर नदियों की भूमिका पर शोध किया है। इसी के साथ उन्होंने आईआईटी कानपुर के शोधकर्ताओं के साथ भूजल के गिरते स्तर का आकलन करने पर शोध किया है। इंपीरियल ग्लोबल इंडिया का उद्घाटन 21 मई को बेंगलूरु में एक कार्यक्रम में किया जाएगा।

# महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ जेडीएस का 'विधान सौधा चलो' अभियान कल

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक में बढ़ती महंगाई और कथित भ्रष्टाचार को लेकर जनता दल (एस) यानी जेडीएस ने राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। 'विधान सौधा चलो' नाम से यह प्रदर्शन 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे बेंगलूरु के फ्रीडम पार्क से शुरू होगा। जेडीएस ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार के सत्ता आने के बाद से राज्य में महंगाई बेकाबू हो गई है और आम जनता को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। जेडीएस युवा के अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी ने इस विरोध प्रदर्शन की जानकारी देते हुए कहा, ''कांग्रेस सरकार के शासनकाल में पूरे कर्नाटक में महंगाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। चाहे मेट्रो का किराया हो, दूध की कीमतें हों, स्टांप ड्यूटी हो या अन्य आवश्यक सेवाओं की लागत, हर क्षेत्र में बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह सरकार राज्य के लोगों को आर्थिक तंगी में धकेल रही है। एक विपक्षी और क्षेत्रीय पार्टी के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम सरकार से सवाल करें और उसे जवाबदेह ठहराएं।''

निखिल ने मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार बसवराज रायरेड्डी के उस बयान का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार की बात स्वीकारी थी। निखिल ने कहा, रायरेड्डी ने खुद कहा था कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले पांच गारंटी देने का वादा किया था, लेकिन अब तक वे वादे पूरे नहीं हुए। ये अधूरे वादे ही सरकार की विफलता का सबूत हैं। एक आर्थिक सलाहकार का यह कहना कि राज्य में भ्रष्टाचार है, गंभीर चिंता का विषय है। मैं उनकी ईमानदारी की सराहना करता हूं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि अगर यही स्थिति रही तो कर्नाटक जल्द ही बड़े वित्तीय संकट की ओर बढ़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह विरोध प्रदर्शन केवल जेडीएस कार्यकर्ताओं या नेताओं का नहीं, बल्कि हर कन्नड़ नागरिक के दिल की आवाज है। उन्होंने कहा, हमारा अभियान लोगों की भावनाओं से प्रेरित है। राज्य सरकार की नीतियों ने आम जनता को परेशान कर दिया है और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

जेडीएस और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच समन्वय पर निखिल ने कहा कि दोनों दलों का लक्ष्य एक ही है। जेडीएस और बीजेपी के बीच कोई मतभेद नहीं है। हम एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में कांग्रेस सरकार के खिलाफ लड़ रहे हैं। हमारा एजेंडा स्पष्ट है राज्य के हितों की रक्षा करना। हमारा समन्वय पहले से ही मजबूत है, इसे और मजबूत करने की जरूरत है, इस दिशा में हम काम कर रहे हैं।



स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडू राव, अभिनेता सुदीप, आध्यात्मिक नेता विनय गुरुजी और एमएलसी टीए सरवण गुरुवार को बेंगलूरु के मल्लेश्वरम में श्री साईं गोल्ड पैलेस के उद्घाटन के अवसर पर।

SOUTH WESTERN RAILWAY
निविदा सूचना सं:
CAO/CN/BNC/EPC/46/2025
दिनांक: 09.01.2025 के लिए शुद्धिपत्र
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
| --- | --- |
| तुमकूरु स्टेशन का | रु.74,97,63,438/- |

पुनर्विकास: तुमकूरु स्टेशन का पुनर्विकास के संबंध में सिविल कार्यों, सिग्नल व दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल सामान्य कार्यों के साथ साथ तुमकूरु स्टेशन का पुनर्विकास के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्यूअरमेंट और निर्माण (ईपीसी) का अनुबंध। (निविदा उल्लेख सं.: TK-STN-DEVELOP-EPC)

| निविदा समापन की तारीख | |
| --- | --- |
| मौजूदा | संशोधित |
| 10.04.2025 (15:00 बजे) | 25.04.2025 (15:00 बजे) |

विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में
उप मुख्य इंजीनियर / निर्माण / कार्य बेंगलूरु छावनी
PUB/25/AAMO/PRB/SWR/2025-26
South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRRLY

## सुविचार

**सपने देखना एक आम बात है, वो जो व्यक्ति सपने देखता है, वो ही भविष्य में सफलता प्राप्त करता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'जिबलीकरण' के जोखिम

सोशल मीडिया पर 'जिबली आर्ट' से संबंधित तस्वीरों का सैलाब दिखाई दे रहा है। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग, हर कोई इस ट्रेंड में शामिल होना चाहता है। इस बीच विभिन्न राज्यों की पुलिस चेतावनी जारी कर रही हैं कि जिबली आर्ट के साथ कुछ जोखिम भी हैं। दरअसल सोशल मीडिया पर जो ट्रेंड शुरू होता है, साइबर अपराधी उस पर नजर रखते हैं और फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। हो सकता है कि कुछ दिनों बाद ऐसी खबरें पढ़ने को मिलें, जिनमें बताया गया हो कि 'जिबली आर्ट के चक्कर में फोन हैक, निजी तस्वीरें लीक, बैंक खाता खाली, कंप्यूटर में आया वायरस ...!' अभी लोगों का ध्यान इसकी रचनात्मकता और आकर्षण पर है। ऐसी तस्वीरें बनाने वाले ऐप भी ज्यादा नहीं हैं। जैसे-जैसे आकर्षण बढ़ेगा, नए ऐप आएंगे, जो 'और ज्यादा' सुंदर तस्वीर बनाने का दावा करेंगे। कोई ऐप कितना सुरक्षित है, वह यूजर्स के डेटा के साथ क्या करता है, वह उसे तुरंत हटाता है या नहीं, क्या वह विज्ञापन संबंधी गतिविधियों के लिए उनका इस्तेमाल करता है – जैसे दर्जनों सवालों के संतोषजनक जवाब उपलब्ध नहीं हैं। यूं तो हर ऐप दावा करता है कि वह यूजर्स के लिए पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन पूर्व में भारत सरकार ने ऐसे दर्जनों ऐप्स पर पाबंदी लगाई थी, जो निजता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा थे। चीनी कंपनियां ऐसे ऐप बनाने और उनका प्रचार करने में आगे रहती हैं। उन पर यूजर्स के डेटा को चीनी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने के आरोप लग चुके हैं। ऐसे में अपनी तस्वीरों के 'जिबलीकरण' के लिए किसी ऐप को डेटा सौंप देना कितना सुरक्षित है?

आमतौर पर जब लोग तस्वीरों की खूबसूरती में बढ़ोतरी करने वाले ऐप डाउनलोड करते हैं तो उनका पूरा ध्यान जल्द से जल्द उसका उपयोग करने पर होता है। इस बीच, ऐप की ओर से कुछ नियमों और शर्तों को पेश किया जाता है, लेकिन लोग तुरंत 'ओके' करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। बहुत कम ही उन्हें पढ़ते हैं। जो पढ़ते हैं, उन्हें पता चलता है कि नियमों और शर्तों की भाषा आसान नहीं है। अगर भविष्य में कोई ऐप मोबाइल फोन में मौजूद तस्वीरों, कॉन्टैक्ट्स, एसएमएस, दस्तावेजों तक पहुंच बना ले और यूजर को पता ही न चले तो इससे गंभीर नुकसान हो सकता है। सोशल मीडिया पर कई लोग अपने ऐसे अनुभव साझा कर चुके हैं कि उन्होंने फोन पर किसी विषय पर बातचीत की, बाद में एक ऐप पर उससे संबंधित विज्ञापन आने लगे! एक यूजर का अनुभव कुछ इस तरह था– उसे नए जूते खरीदने थे। इसके लिए अपने दोस्त को फोन किया और उससे राय मांगी। उसके दोस्त ने जूतों के कुछ ब्रांड और दुकानों के नाम बताए। बातचीत पूरी हो गई। कुछ समय बाद उसने एक ऐप खोला तो यह देखकर हैरत हुई कि उस पर जूतों के विज्ञापनों की भरमार थी। उसके अनुभव पर प्रतिक्रिया देते हुए कई यूजर्स ने कहा कि उनके साथ भी ऐसा हो चुका है। इसी तरह एक व्यक्ति किसी मशहूर विदेशी ऐप पर वीडियो देखा करता था। एक दिन उसके फोन पर एसएमएस आया, जिसमें किसी महिला ने 'दोस्ती' करने का प्रस्ताव रखा। वह उसके साथ रोजाना चैटिंग करने लगा। कुछ दिन बाद 'महिला' ने कहा कि 'अब हमें मिलना चाहिए। आप वहां (जगह का नाम बताया) आ जाएं।' वह व्यक्ति बताई गई जगह पर पहुंच गया। वहां उसे एक युवक मिला, जिसने अपनी मोटरसाइकिल पर बैठने का आग्रह करते हुए कहा, 'कृपया मेरे साथ चलें। मैडम ने मुझे भेजा है।' वह उसे एक मकान में ले गया, जहां चार युवक चाकू, डंडे और हथियार लेकर बैठे थे। उन्होंने उस व्यक्ति की पिटाई की और मोबाइल फोन छीनकर बैंक खाते से सारे रुपए ट्रांसफर कर लिए। ऑनलाइन दोस्ती का ऐसा नतीजा निकलेगा, यह उसने सोचा नहीं था। पता चला कि उस ऐप ने अपनी कमाई के लिए डेटा बेचा था, जो गलत लोगों के हाथ लग गया। लिहाज़ा समझदारी इसी में है कि ऐसे असुरक्षित ऐप को अपना डेटा कभी न सौंपें।

## ट्वीटर टॉक



भारत की महान समुद्री विरासत को जानने और समझने के लिए गुजरात का लोथल एक उत्कृष्ट स्थान है। एएसआई ने सन 1954 में ढूंढा था। यहां ज्ञात रूप से दुनिया का सबसे पुराना बंदरगाह था। आज लोथल के एसएसआई कार्यस्थल का दौरा किया।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**



अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध संस्कृति, एवं ऐतिहासिक विरासत से परिपूर्ण दौसा के स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु से प्रार्थना है कि सभी दौसा वासियों का जीवन सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं सफलता से परिपूर्ण हो।

**–भजनलाल शर्मा**



राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग–458 के रायपुर–जस्सा खेड़ा (लंबाई 7.95 किमी, पैकेज–2) खंड से पेव्ड शोल्डर एलिवेटेड संरचना के साथ 2–लेन के निर्माण के लिए 394.03 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृत स्वीकृति दी गई है।

**–नीतिन गड़करी**

## प्रेरक प्रसंग

# सुधार की सजा

ईरान के गोन्बाद-ए-काबुस शहर में एक अनोखी घटना घटी। यहां के एक जज, कासिम नकीजादेह ने एक ऐसे दोषी को सजा दी, जो छोटे-मोटे अपराध में शामिल था। यह सजा पारंपरिक जेल की सजा से अलग थी। उन्होंने दोषी को पांच किताबें खरीदकर उन्हें पढ़ने का आदेश दिया। इसके बाद क़ैदी को उन किताबों का संक्षिप्त विवरण लिखकर जेल प्रशासन को देना था ताकि अन्य क़ैदी भी उन्हें पढ़ सकें। जज नकीजादेह का मानना था कि सजा देने के बजाय अगर क़ैदी को पढ़ने का अवसर मिले, तो वह न केवल अपने आप को सुधार सकता है, बल्कि दूसरों को भी मार्गदर्शन दे सकता है।

उनका यह मानना था कि जेल में किताबें पढ़ने से एक नया दृष्टिकोण मिलता है और अपराधियों को एक बेहतर रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलती है। यह सजा न केवल शारीरिक दंड से बचने का रास्ता थी, बल्कि एक शिक्षा और आत्मसुधार की प्रक्रिया थी, जो दोषी को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती थी।

## सामयिक

## प्राकट्य उत्सव 12 अप्रैल पर विशेष

# हनुमान के गुणों को जीवन में उतारिए

**निरंकार सिंह**
मोबाइल : 9451910615



हनुमान भगवान राम की भक्ति की पराकाष्ठा के साक्षात रूप हैं। उन्होंने अपने मान सम्मान का पूरी तरह से हनन कर लिया है अर्थात अहंकार शून्य है। लेकिन जब राम के मान की बात आती है तब उनका रौद्र रूप दिखायी देता है। राम रावण युद्ध में उन्होंने रौद्र रूप धारण करके राक्षसों का भयंकर विनाश किया था। वह भगवान राम का कार्य करने के लिए सदैव तत्पर दिखायी देते हैं। परोपकार, दया और विनम्रता उनके व्यक्तित्व का प्रमुख गुण है। इसलिए हनुमान के भक्त यदि अपने चरित्र में इन गुणों का कुछ भी अंश लायें तो आज के समाज का बड़ा कल्याण हो सकता है।

हनुमानजी बुद्धिमान, संयमी और ज्ञानियों के अग्रणी माने जाते हैं। उनके शरीर के साथ-साथ उनका मन भी अत्यन्त शक्तिशाली है। उन्हें अमरत्व का वरदान प्राप्त है। यही कारण है कि आज देश के मन्दिरों में राम मन्दिर से अधिक हनुमान मन्दिर हैं। राम ने उन्हें अमरत्व का वरदान दिया था इसलिए आज भी वे हमारे बीच विराजमान हैं। वे अमंगल का नाश करने वाले हैं। उन्हें मंगल मूरति, मारुतिनंदन सकल अमंगल मूल निकंदन कहा जाता है। हनुमान जी बल, बुद्धि और विद्या के अद्भुत संगम थे। उन्होंने लंका दहन के समय अपनी असीम शक्ति का प्रदर्शन किया, रावण के साथ युद्ध में अपनी बुद्धिमानी से विजय प्राप्त की और सूर्य देव से विद्या प्राप्त कर ज्ञान का भंडार भर लिया। इन गुणों के कारण ही वे भगवान राम के परम भक्त बन गये और संकटमोचन के रूप में जाने गये। आत्मज्ञान के लिए बल, बुद्धि और विद्या इन तीनों गुणों का होना आवश्यक माना गया है। बल हमें कठिनाईयों का सामना करने की शक्ति देता है। बुद्धि हमें सही मार्ग चुनने में मदद करती है और विद्या हमें आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान करती है। हनुमान जी, बल, बुद्धि और विद्या के सागर हैं।

भक्त शिरोमणि हनुमान, सदैव राम भक्ति में लीन रहते हैं। वानरराज सुग्रीव से मित्रता गाठनी हो या सीता माता की खोज में अथाह सागर को पार करना हो, स्वर्ण नगरी को जलाकर लंकापति का अहंकार चूर-चूर करना हो या संजीवनी बूटी लेकर लक्ष्मण जी को नया जीवन देना हो हर कदम पर हनुमान जी ही दिखायी देते हैं। सीता माता की खोज में जब महावीर हनुमान समुद्र पार कर रहे थे, तब देवताओं के इशारे पर सुरसा ने उन्हें निगलने के लिए अपना विशाल मुख खोल दिया। हनुमान ने भी अपना रूप बढ़ा लिया, तो सुरसा ने भी सौ योजन का मुख कर लिया। तब हनुमान जी लघु रूप धारण कर सुरसा के मुख में प्रवेश कर गए और फिर बाहर निकल आए। सुरसा हनुमान की बुद्धि देखकर चकित रह गई और उन्हें आशीर्वाद देकर विदा किया। इसी तरह, सिंहिका के रूप में प्रकट हुई रावण की बहन को भी हनुमान ने अपनी बुद्धि से परास्त किया।

रामकथा में हनुमान जी का चरित्र इतना प्रखर है कि उसने राम के आदर्शों को गढ़ने में अहम भूमिका निभाई। रामकथा में हनुमान जी के चरित्र से हम जीवन के सूत्र हासिल कर सकते हैं। वीरता, साहस, सेवाभाव, स्वामिभक्ति, विनम्रता, कृतज्ञता, नेतृत्व और निर्णय क्षमता जैसे हनुमान के गुणों को अपने भीतर उतारकर हम सफलता के मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं।

रावण के स्वर्णलंका पर दौलत का अहंकार छाया था, लेकिन हनुमान जी ने उसका अस्तित्व ही मिटा दिया। यह सिर्फ एक भवन का दहन नहीं था, बल्कि अहंकार के प्रतीक का नाश था। ठीक इसी तरह, महाभारत के युद्ध के बाद, भीम और अर्जुन को शक्ति मिलने पर घमंड हो गया था। श्रीकृष्ण के आदेश पर हनुमान जी ने उनकी इस अहंकार की आग को बुझा दिया।

कलियुग में हनुमान ही एकमात्र जाग्रत देव हैं। उनका चारों युग में प्रताप है। उनकी भक्ति से व्यक्ति के भीतर साहस और आत्मविश्वास का संचार होता है। हनुमानजी की भक्ति हर संकट से बचाती है। भक्तों ने अपनी भक्ति के चलते हनुमानजी के अलग-अलग रूप को पूजनीय बनाया है। कहते हैं कि हनुमानजी की भिन्न-भिन्न मूर्तियों की उपासना से भिन्न-भिन्न फल की प्राप्ति होती है।हनुमान जी का नाम जब भी लिया जाता है, तो मन में एक परम भक्त की छवि बनती है। साथ ही एक ऐसा मित्र जिन्होंने मित्रता निभाने के लिए हर एक संकट को पार करके रामजी और सीता जी के पुनर्मिलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन सभी विशेषताओं से अलग हनुमान जी में ऐसी विशेषताएं भी हैं, जो एक बेहतर इंसान ही नहीं बल्कि समाज में बदलाव लाने के लिए भी बहुत आवश्यक है। हनुमान जी के इन गुणों को अपनाकर आज दुनिया को बेहतर बनाया जा सकता है।

हम अगर हनुमान जी के गुणों को अपनाएं, तो हमारे जीवन में कई सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। हनुमान जी के कुछ ऐसे गुण जिन्हें अपनाने से दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।हनुमान जी श्रीराम को अपना आराध्य ही नहीं बल्कि अपना मित्र भी मानते थे इसलिए उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ श्रीराम का साथ दिया। आज की दुनिया में लोग अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए किसी का भी भरोसा तोड़ने से पीछे नहीं हटते। जब हम किसी का विश्वास तोड़ते हैं, तो इसका असर उस इंसान पर जरूर होता है जिसका विश्वास टूटा है। ऐसे में उस इंसान के अंदर अविश्वास की भावना आ जाती है और वह फिर किसी पर भी विश्वास नहीं करता। इससे दुनिया में नकारात्मकता बढ़ती जाती है।

आज की दुनिया में अपनी भलाई के बारे में तो सभी सोचते हैं लेकिन कई बार अपनी भलाई की प्राथमिकता में हम दूसरों का बुरा कर देते हैं। दूसरी तरफ हनुमान जी ने हमेशा ही स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों के बारे में पहले सोचा। अपने मित्र श्रीराम, सुग्रीव और अन्य लोगों की मदद के लिए हनुमान जी हमेशा तत्पर रहते थे। आज अगर हम अपनी भलाई के अलावा दूसरों के लिए भी अच्छा सोचें, तो इस गुण से दुनिया में फैल चुकी नकारात्मकता को खत्म किया जा सकता है।आज के समय में ध्यान भटकाने के लिए बहुत-सी चीजें हैं। ज्यादातर लोग चुनौतियों से डरकर या फिर किसी प्रलोभन का शिकार होकर अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं लेकिन हनुमान जी के जीवन से अपने लक्ष्य से न भटकने की सीख मिलती है। जब हनुमान जी समुद्र पार करके लंका जा रहे थे, तो उनके मार्ग में कई चुनौतियां आईं लेकिन वे कभी भी अपने लक्ष्य से नहीं भटके। अपने लक्ष्य से न भटकने के गुण के साथ हम समाज के लिए कुछ बड़ा कार्य कर सकते हैं।

आज अनुशासन की बहुत आवश्यकता है। अक्सर लोग अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए हत्या करने से भी पीछे नहीं हटते। वहीं, लोग अंहकार से भरकर अपनी मर्यादा तक भूल जाते हैं। आज की दुनिया में हनुमान जी से यह सीखा जा सकता है कि आप कितने भी बलशाली क्यों न हो लेकिन आपके लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। दूसरों पर शासन करने की बजाय खुद पर शासन या नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है। अनुशासन से दुनिया के व्यर्थ के शोर को शांत किया जा सकता है।आज हम ऐसी कई घटनाएं देखते हैं, जिससे मानवता भी शर्मसार हो उठती है। लोगों में क्रोध ज्यादा और दयालुता कम है। आज की दुनिया में नकारात्मकता इसलिए भी बढ़ रही है क्योंकि लोगों में मानवता और दया की भावना कम होती जा रही है। हनुमान जी से हम दया और मानवता की भावना सीख सकते हैं। कई पौराणिक कहानियों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि हनुमान जी अपने मित्रों ही नहीं बल्कि शत्रुओं पर भी दया रखते थे और जरुरत के समय उनकी सहायता करने से भी पीछे नहीं हटे।

## ज्ञान विज्ञान

# मंगल पर बसने की तमन्ना है? वहां की धूल तो 'जहरीली' है



पिछले कुछ समय से मंगल ग्रह को लेकर खूब बातें हुई हैं। वहां को लेकर हजारों रिसर्च धरती पर हो रहे हैं। दुनिया के तमाम लोग मंगल पर बसने का सपना देख रहे हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। हुआ यह है कि हाल ही में एक स्टडी में पाया गया है कि मंगल की धूल इंसानों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। इस धूल में मौजूद जहरीले तत्व सांस लेने की समस्या और अन्य बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

दरअसल इंटरनेशनल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर एक स्टडी सामने आई है। स्टडी के मुताबिक वैज्ञानिकों ने पाया है कि मंगल की धूल बेहद महीन होती है। जो इंसानों के फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर सकती है और रक्त प्रवाह तक पहुंच सकती है। इस धूल में सिलिका जिप्सम और कई प्रकार की धातुएं पाई जाती हैं। जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इतना ही नहीं वहां इंसानी मिशन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल की धूल बहुत नुकीली और खुरदरी तो नहीं है लेकिन यह हर जगह चिपक जाती है और महीन कण फेफड़ों में जमा हो सकते हैं। स्टडी के मुताबिक मंगल ग्रह की धूल चंद्रमा की धूल से अधिक खतरनाक हो सकती है क्योंकि इसमें विषैले तत्व भी मौजूद हैं। अपोलो मिशन के दौरान चंद्रमा की धूल ने अंतरिक्ष यात्रियों को खांसी आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इसकी तुलना भी इससे की गई।

साथ ही स्टडी में यह भी बताया गया है कि मंगल की धूल में मौजूद सिलिका फेफड़ों की बीमारी सिलिकोसिस का कारण बन सकती है जो कोयला खनिकों में आमतौर पर देखी जाती है। इसके अलावा इस धूल में मौजूद पर्क्लोरेट्स और अन्य जहरीले धातु जैसे क्रोमियम और आर्सेनिक सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि मंगल पर मौजूद माइक्रोग्रैविटी और रेडिएशन के कारण इन तत्वों का असर और अधिक खतरनाक हो सकता है। बता दें कि नासा और चीन की अगले दशक में मंगल पर इंसानों को भेजने की योजना बना रही हैं। इन अभियानों में अंतरिक्ष यात्रियों को कई महीनों तक मंगल की सतह पर रहना होगा और लंबे समय तक वहां रहने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाएगा। लेकिन नई स्टडी को देखते हुए मंगल पर मानव बसाहट के लिए सुरक्षा उपायों पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

## नजरिया

# जन चेतना से ही बढ़ सकती है मातृत्व सुरक्षा

**बाल मुकुन्द ओझा**
मोबाइल :8949519406

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हर साल 11 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता फैलाना है। गर्भावस्था, प्रसव और प्रसव के बाद की स्थितियों में माँ और बच्चे दोनों का स्वस्थ रहना बेहद ज़रूरी होता है, और यही संदेश इस दिन के माध्यम से पूरे देश में दिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हम पिछले एक दशक से गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं के कारण होने वाली मौतों को बहुत कम कर चुके थे लेकिन 2016 के बाद इसमें फिर वृद्धि होने लगी है क्योंकि सरकारों का ध्यान इस पर कम हुआ है। संगठन के मुताबिक दुनियाभर में हर साल लगभग 3 लाख महिलाएं गर्भावस्था या प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण अकाल मौत की शिकार हो जाती हैं। इसी भांति 2 मिलियन से अधिक बच्चे अपने जीवन के पहले महीने में ही मर जाते हैं। अन्य 2 मिलियन बच्चे मृत पैदा होते हैं, जिनमें से कई को समय पर चिकित्सा सहायता मिलने पर बचाया जा सकता था। सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि विश्लेषण करे तो पाएंगे हर % सेकंड में एक रोकी जा सकने वाली मौत हो रही है। नवजात शिशु सबसे ज्यादा सेंसिटिव होता है और इस दौरान बीमारी और मृत्यु का खतरा सबसे अधिक होता है। समय से पहले जन्म होने पर संक्रमण, जन्म के समय सांस की समस्या, जन्मजात बीमारियों का रिस्क इस दौरान काफी बढ़ जाता है। महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर आंकड़ा जारी करते हुए कहा है कि आज भी हर 2 मिनट में प्रेग्नेंसी और डिलीवरी से संबंधित जटिलताओं के कारण एक महिला की मौत हो जाती है। यह आंकड़ा बेहद डरावना है क्योंकि आज मेडिकल साइंस ने इतनी तरक्की कर ली है कि प्रेग्नेंसी की जटिलताओं के कारण महिलाओं की मौत को आसानी से रोका जा सकता है। संगठन ने 2023 के आंकड़ों को पेश करते हुए बताया कि गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं के कारण दुनिया में हर दिन %00 से ज्यादा महिलाओं की मौत होती है जो बेहद चिंता का विषय है। आंकड़े ये भी दर्शाते हैं कि आज भी दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में प्रेग्नेंसी कितनी खतरनाक है, जबकि मातृ मृत्यु के अधिकांश मामलों में जटिलताओं को रोकने और उनका उपचार करने के समाधान मौजूद हैं। इसलिए क्वालिटी मैटरल केयर तक पहुंच सुनिश्चित करने के अलावा, महिलाओं और लड़कियों के अंतर्निहित स्वास्थ्य और प्रजनन अधिकारों को मजबूत करना भी अहम होगा। ये ऐसे कारक हैं जो प्रसव के दौरान और उसके बाद उनके हेल्थ रिजल्ट्स की संभावनाओं को मजबूत करते हैं।

साल 1990 से लेकर 2020 के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत की स्थिति दुनिया के औसत आंकड़े से काफी बेहतर है। हालांकि हमारी सरकार लगातार इसमें और सुधार करने की कोशिश कर रही है। मोदी सरकार की प्राथमिकता आंकड़ों को शून्य करना है। एक रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच से जटिलताओं का शीघ्र निदान संभव हो जाता है। पोषण, शारीरिक गतिविधि और तंबाकू और शराब जैसे हानिकारक पदार्थों से बचने पर जागरूकता कार्यक्रम जनभागीदारी से आयोजित किये जाये। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच बढ़ाई जावे , क्योंकि मातृ अवसाद और प्रसवोत्तर तनाव पर अभी भी ध्यान नहीं दिया जाता है। साथ ही प्रसव एवं डिलीवरी के दौरान कुशल स्वास्थ्य देखभाल सहायता, समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित किये जाये।

यह संकल्प लेने की जरुरत है की हम पीड़ित मानवता को हर खतरे से बचाने के लिए समय पर स्वास्थ्य सुविधा सुलभ करा कर स्वस्थ दुनिया के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। हर इंसान का स्वास्थ्य अच्छा हो और बीमार होने पर हर व्यक्ति को अच्छे इलाज की सुविधा मिल सके। दुनियाभर में पोलियो, रक्ताल्पता, नेत्रहीनता, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया और एड्स जैसी भयानक बीमारियों की रोकथाम हो सके और मरीजों को समुचित इलाज की सुविधा मिल सके और समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक बनाया जाए और उनको स्वस्थ वातावरण बना कर स्वस्थ रहना सिखाया जाए। भारत में आम तौर पर लोगों में स्वास्थ्य चेतना का अभाव है। शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति भी लोग तभी चिंतित होते हैं जब कोई रोग उन्हें ग्रस लेता है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# धरती के महासागर एक बार हरे हो गए थे, इनका रंग फिर बदल सकता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लंदन। महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे।

प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था।

'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा। आर्कियन युग एक ऐसा समय था जब पृथ्वी का वायुमंडल और महासागर ऑक्सीजन गैस से रहित थे, लेकिन यह वह समय था जब सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा उत्पन्न करने वाले पहले जीव विकसित हुए थे।

इन जीवों ने अवायवीय यानी ऐनेरोबिक प्रकाश संश्लेषण का उपयोग किया, जिसका अर्थ है कि वे ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में भी प्रकाश संश्लेषण कर सकते हैं।

इसने महत्वपूर्ण परिवर्तनों को गति दी क्योंकि अवायवीय प्रकाश संश्लेषण का एक सहउत्पाद ऑक्सीजन गैस है। ऑक्सीजन गैस समुद्री जल में लोहे से संबद्ध है। ऑक्सीजन केवल वायुमंडल में एक गैस के रूप में मौजूद थी जब समुद्री जल का लोहा और अधिक ऑक्सीजन को बेअसर नहीं कर सकता था।

आखिरकार, प्रारंभिक प्रकाश संश्लेषण ने 'महान ऑक्सीकरण घटना' को जन्म दिया, जो एक प्रमुख पारिस्थितिकी मोड़ था जिसने पृथ्वी पर जटिल जीवन को संभव बनाया।

इससे बड़ा परिवर्तन हुआ और ऑक्सीजन रहित पृथ्वी पर ऑक्सीजन की प्रचुरता के साथ महासागर और वायुमंडल में बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध हो गई। 'बैंडेड आयरन' संरचनाओं में विभिन्न रंगों के 'बैंड' ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में जमा आयरन भंडार और लाल ऑक्सीकृत आयरन के बीच एक परिवर्तन के साथ इस बदलाव को रिकॉर्ड करते हैं।

आर्कियन युग में हरे महासागरों के लिए हालिया शोध रिपोर्ट का मामला एक अवलोकन से शुरू होता है: जापानी ज्वालामुखी द्वीप इवो जीमा के आसपास के पानी में ऑक्सीकृत आयरन के एक रूप (एफ-3) से जुड़ा हरा रंग है। द्वीप के आसपास के हरे पानी में नीले-हरे शैवाल पनपते हैं।

अपने नाम के बावजूद नीले-हरे शैवाल आदिम बैक्टीरिया हैं और असली शैवाल नहीं हैं। आर्कियन युग में, आधुनिक नीले-हरे शैवाल के पूर्वज अन्य बैक्टीरिया के साथ विकसित हुए जो प्रकाश संश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉनों के स्रोत के रूप में पानी के बजाय 'फेरस आयरन' का उपयोग करते हैं। यह महासागर में लौह (आयरन) की उच्च स्तर की उपस्थिति की ओर इशारा करता है। प्रकाश संश्लेषक जीव सूर्य की ऊर्जा का उपयोग करके कार्बन डॉइऑक्साइड को शर्करा में बदलने के लिए अपनी कोशिकाओं में वर्णक (ज्यादातर क्लोरोफिल) का उपयोग करते हैं।

# सूडान ने आईसीजे से कहा : विद्रोहियों को धन मुहैया कराकर यूएई नरसंहार संधि का उल्लंघन कर रहा

द हेग (नीदरलैंड)/एपी

सूडान ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत 'इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस' (आईसीजे) से कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) विद्रोही अर्धसैनिक समूह ''रैपिड सपोर्ट फोर्स'' को हथियार और धन मुहैया कराकर नरसंहार से संबंधित संधि का उल्लंघन कर रहा है। हालांकि यूएई ने इस मामले में जोरदार तरीके से अपना पक्ष रखा है। पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश सूडान आईसीजे से आपातकालीन आदेश जारी करने का अनुरोध कर रहा है। इस अनुरोध को अनंतिम उपाय के रूप में जाना जाता है, जिसमें यूएई को सूडान के दो साल के गृहयुद्ध के दौरान मसालित लोगों को निशाना बनाकर की गई हत्या और अन्य अपराधों को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने के लिए कहना भी शामिल है। कार्यवाहक न्याय मंत्री मुआविया उस्मान ने यहां आईसीजे में अपनी शुरुआती दलील में कहा, मसालित के खिलाफ नरसंहार 'रैपिड सपोर्ट फोर्स' द्वारा किया जा रहा है, जिसके बारे में माना जाता है कि वह दारफुर के अरबी नागरिक हैं, और इसमें यूएई का समर्थन और मिलीभगत है।'' सुनवाई से पहले एक ब्रीफिंग में यूएई के विदेश मंत्रालय की एक शीर्ष अधिकारी रीम केटेट ने पत्रकारों से कहा कि मामला निराधार है।

## महावीर जयंती



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल गुरुवार को मुंबई के दादर ईस्ट में भारत जैन महा मंडल द्वारा आयोजित भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में शामिल हुए।



# प्रीति जिंटा ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

अमृतसर/एजेन्सी

अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर बताया है कि वह कई दिनों से अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर जाने की योजना बना रही थीं। हालांकि, किसी न किसी वजह से उनकी योजना विफल हो जा रही थी।

अभिनेत्री का मानना है कि जब बाबाजी ने उन्हें बुलाया तो सारे रास्ते खुल गए। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर प्रीति ने न केवल स्वर्ण मंदिर की झलक दिखलाई बल्कि यह भी बताया कि उन्हें यहां आकर बेहद खास अनुभव मिला। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, पिछले कुछ साल में मैंने कई बार स्वर्ण मंदिर जाने की कोशिश की, लेकिन हर बार कुछ न कुछ ऐसा हुआ कि मेरी योजना रद्द हो गई। लेकिन इस बार कुछ अलग था। बाबा जी ने मुझे बुलाया और सारे रास्ते खुल गए। रामनवमी के शुभ दिन पर मुझे स्वर्ण मंदिर में उनका आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला।

अभिनेत्री ने बताया, इतनी यात्रा और नींद पूरी न होने की वजह से मैं थक गई थी। लेकिन जैसे ही मैंने स्वर्ण मंदिर के अंदर प्रवेश किया, सब कुछ शांत पड़ गया। यहां अपनेपन की भावना की वजह से मुझे बेहद खूबसूरत एहसास हुआ। उपस्थित लोगों की ऊर्जा और आस्था से मन और दिल खुश हो गया। जैसे ही मैं मत्था टेकने के लिए घुटनों के बल बैठी, मेरा दिल भावनाओं से भर गया।

# बांग्लादेश की अदालत ने शेख हसीना और उनकी बेटी के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया

ढाका/भाषा। बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजिद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में बृहस्पतिवार को नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इन पर धोखाधड़ी के जरिये आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप है।

ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दाखिल आरोपपत्र को स्वीकार कर लिया। चूंकि, आरोपी फरार हैं, इसलिए अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

एसीसी की ओर से पेश वकील मीर अहमद सलाम ने संवाददाताओं को बताया, ''मेट्रोपोलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने मामले में एसीसी के आरोपपत्र को स्वीकार करते हुए वारंट जारी किया।'' उन्होंने कहा कि न्यायाधीश ने एसीसी को राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में पूर्बाचल क्षेत्र में राज्य द्वारा संचालित 'राजधानी उन्यन कार्तिपक्ष' (आरएजेयूके) द्वारा पट्टे पर दी गई भूमि से जुड़े आरोप की सुनवाई के लिए चार मई को अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

एसीसी ने अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना तथा अन्य सह-आरोपियों, जिनमें अधिकतर सरकारी अधिकारी थे, के विरुद्ध 12 जनवरी, 2025 को मुकदमा दायर किया था।

आरोपपत्र के अनुसार, 'पूर्बाचल न्यू सिटी हाउसिंग प्रोजेक्ट' में भूखंड हासिल करने के लिए ''दुर्भावनापूर्ण इरादे से'' पुतुल ने अपनी मां एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना को प्रभावित किया था।

एसीसी ने आरोप लगाया कि पुतुल ने ऐसा इस तथ्य के बावजूद किया कि ''ढाका शहर में आरएजेयूके के अधिकार क्षेत्र में उनके और उनके परिवार के सदस्यों के पास एक घर, फ्लैट या आवास है।''

## स्क्रीनिंग



अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह गुरुवार को मुंबई में फिल्म जाट की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुए।

# मलाइका अरोड़ा के खिलाफ नया जमानती वारंट जारी

मुंबई/एजेन्सी



मुंबई की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और दो अन्य से जुड़े 2012 के होटल विवाद मामले में गवाह अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के खिलाफ नया जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने सबसे पहले 15 फरवरी को अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। सोमवार को उनके अदालत में पेश न होने पर यह फिर से जारी किया गया। अदालत गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया में है। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। मलाइका उस समूह का हिस्सा थीं जो 22 फरवरी-2012 को कथित घटना के समय सैफ अली खान के साथ होटल में डिनर के लिए गये थे। सैफ अली खान और दो अन्य आरोपियों को व्यवसायी इकबाल मीर शर्मा की ओर से दर्ज करायी गयी शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था। तीनों को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। जब यह झगड़ा हुआ, उस समय अभिनेता के साथ उनकी पत्नी करीना कपूर, उनकी बहन करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा और कुछ पुरुष मित्र होटल में मौजूद थे।

# पांच साल बाद एक्शन जॉनर में वापसी करेंगे रणदीप हुड्डा

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत रणदीप हुड्डा अपनी आने वाली फिल्म जाट के जरिये पांच साल बाद एक्शन जॉनर में वापसी करने जा रहे हैं। रणदीप हुड्डा अब एक बार फिर एक्शन शैली में लौट रहे हैं। बॉलीवुड के सबसे बहुमुखी कलाकारों में से एक रणदीप, 10 अप्रैल के पूरे भारत में रिलीज़ हो रही फिल्म 'जाट' में दमदार और खूंखार किरदार निभाने जा रहे हैं। हॉलीवुड फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' के बाद पांच साल बाद एक्शन में वापसी कर रहे रणदीप इस अनुभव को शानदार और रोमांचक बता रहे हैं। रणदीप आखिरी बार 'एक्सट्रैक्शन' में एक्शन अवतार में नज़र आए थे, जहां वह हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ के साथ नज़र आए थे।

यह फिल्म सैम हार्ग्रेव द्वारा निर्देशित और रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित थी, जो 2020 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई थी। इस फिल्म में रणदीप की एक्शन परफॉर्मेंस को ज़बरदस्त सराहना मिली थी। अब 'जाट' के ज़रिए वे बड़े पर्दे पर एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में लौट रहे हैं, जहां वे राणातुंगा का किरदार निभाते हुये नजर आयेंगे। रणदीप हुड्डा ने कहा, मुझे हमेशा से एक्शन फिल्में पसंद रही हैं।

इसमें एक अनकही ऊर्जा और रोमांच होता है। बायोपिक और पुलिस किरदार निभाने के बाद, 'जाट' में राणातुंगा जैसे खतरनाक किरदार को निभाना मेरे लिए एक दिलचस्प अनुभव रहा। मुझे एक्शन की कमी खल रही थी, और इस फिल्म ने मुझे दोबारा उस जगह में जाने का परफेक्ट मौका दिया। इसके स्टंट्स, हाई-फाई एक्शन सीक्वेंस और किरदार की शारीरिक डिमांड्स मेरे लिए चुनौतीपूर्ण लेकिन मज़ेदार रहीं। राणातुंगा जैसा बेरहम और दिलचस्प किरदार निभाना वाकई रोमांचक रहा।

'एक्सट्रैक्शन' में हॉलीवुड में एक भारतीय एक्टर के तौर पर फुल-ऑन एक्शन करने का अनुभव बेहद शानदार था। गोपिचंद मालिनेनी निर्देशित फिल्म जाट में सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण मायथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी के सहयोग से किया गया है।




# तमन्ना भाटिया की फिल्म 'ओडेला 2' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म'ओडेला 2' फिल्म 'ओडेला - रेलवे स्टेशन' की सीक्वल है। तमन्ना भाटिया के दमदार लीड रोल के साथ, मेकर्स और पूरी टीम एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने की उम्मीद कर रहे हैं। यह फिल्म 17 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म की कहानी एक बुरे इरादों वाले शख्स (वशिष्ठ) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके काले जादू और तंत्र गांव वालों को परेशान करते हैं। खासकर वह महिलाओं को परेशान करता है। उससे रक्षा के लिए शिव शक्ति (तमन्ना भाटिया) की एंट्री होती है। अपनी दिव्य ऊर्जा और ताकत के साथ शिव शक्ति उस बुरे शख्स के शासन की समाप्ति का संकल्प लेती हैं।

भारी बजट में बनी 'ओडेला 2' में शानदार कलाकारों की टोली है, जिसमें वशिष्ठ एन. सिम्हा, हेबा पटेल, मुरली शर्मा, शरथ लोहिताश्व, श्रीकांत अयंगर, नागा महेश, वामशी, गगन विहारी, सुरेंद्र रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी शामिल हैं। इस फिल्म को मदु क्रिएशंस के तहत डी. मधु द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

हिंदी संस्करण को 'एडवाइज़ मूवीज़' बैनर के तहत आदित्य भाटिया पेश करेंगे, जबकि जय विराट्रा एंटरटेनमेंट लिमिटेड इसके हिंदी क्षेत्रों में वितरण को संभालेगा। फिल्म 'ओडेला 2'का निर्देशन अशोक तेजा ने किया है, जबकि इसकी कहानी, पटकथा, संवाद और निर्देशन पर्यवेक्षण संपत नंदी ने किया है। फिल्म का संगीत बी. अजनीश लोकनाथ ने दिया है।

# फिल्म 'लॉग आउट' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेता बाबिल खान की आने वाली फिल्म लॉग आउट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। बाबिल खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'लॉगआउट' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की कहानी मोबाइल की लत के शिकार युवा के ईर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म 'लॉगआउट' की कहानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर प्रत्युष की है, जिसका किरदार बाबिल खान ने निभाया है। उसके 10 मिलियन फॉलोअर्स होने वाले हैं, लेकिन तभी उसकी ज़िंदगी एक बुरे मोड़ पर आ जाती है। प्रत्युष को लगता है कि वही सारी दुनिया को चलाता है। लेकिन एक दिन अचानक उसका फोन गुम हो जाता है, और तब उसकी दुनिया भी उजड़ जाती है। अमित गोलानी निर्देशित, यह फिल्म पहले ही अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव सर्किट पर चर्चा का विषय बन चुकी है और अब यह जी5 प्लेटफॉर्म पर अपने डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है।

बाबिल खान ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फिल्म 'लॉगआउट' के ट्रेलर की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है, 'हम जो कंज्यूम करते हैं और जो हमें कंज्यूम करता है, उसके बीच की रेखाएं धुंधली होने वाली हैं'। फिल्म 'लॉगआउट' 18 अप्रैल को जी5 पर रिलीज होगी फिल्म लॉग आउट के अलावा, बाबिल जल्द ही इंडो-अमेरिकन फंतासी फिल्म यक्षी और एक अनटाइटल्ड रोमांटिक ड्रामा में नज़र आएंगे, जो अभी तक गुप्त है। लॉग आउट के साथ, बाबिल खान सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सिनेमा में सबसे रोमांचक युवा प्रतिभाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।



# 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे' लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में प्रतिमा स्थापित करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी

मुंबई/एजेन्सी

यशराज फिल्म्स की ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में प्रतिमा स्थापित करने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है।

हार्ट ऑफ लंदन बिजनेस एलायंस ने आज घोषणा की है कि एक नई मूर्ति लंदन के लीसेस्टर स्क्वायर में स्थित रोमांचक 'सीन्स इन द स्क्वायर' मूवी ट्रेल में शामिल होने जा रही है, और यह सम्मान यशराज फिल्म्स की ऐतिहासिक ब्लॉकबस्टर फिल्म डीडीएलजे को मिला है। यह कांस्य प्रतिमा बॉलीवुड के दो सुपरस्टार्स ,शाहरुख खान और काजोल को डीडीएलजे के एक प्रतिष्ठित पोज में प्रदर्शित करेगी। इस साल वसंत ऋतु में इसका अनावरण होना तय है। नई प्रतिमा ओडियन सिनेमा के बाहर, पूर्वी टेरेस पर स्थापित की जाएगी।

शाहरुख खान और काजोल अब 'सीन्स इन द स्क्वायर' में अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के दिग्गजों के साथ शामिल होंगे, जिसमें पिछले 100 वर्षों के दस अन्य फिल्म आइकन शामिल हैं। डीडीएलजे की प्रतिमा अब हैरी पॉटर, लॉरेल और हार्डी, बग्स बनी, जीन केली (सिंगिंग इन रेन ), मैरी पॉपिंस, मिस्टर बीन, पैडिंग्टन और डीसी सुपरहीरोज़ बैटमैन और वंडर वुमन जैसे प्रतिष्ठित किरदारों के साथ स्थापित होगी।

यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी, ने कहा ,जब दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे 30 साल पहले रिलीज़ हुई थी, तब इसने भारतीय सिनेमा में एक निर्णायक मोड़ ला दिया और इंडस्ट्री का चेहरा बदल दिया। इस फिल्म ने वैश्विक स्तर पर लोगों के दिल जीत लिए। हमें गर्व है कि हमारी फिल्म 'सीन्स इन द स्क्वायर' में शामिल होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के गांधीनगर स्थित फ्रीडम पार्क कुंडलपुर नगरी में स्थानीय जैन युवा संगठन के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्मकल्याणक धूमधाम से समारोहपूर्वक मनाया गया। सबसे पहले टाउन हॉल से अहिंसा रैली निकाली गई। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर भगवान महावीर के सिद्धांतों पर आधारित झांकियों से बनी अहिंसा रैली को रवाना किया।









# भगवान महावीर को हाशिए पर नहीं अपितु जीवन के मूल केन्द्र में रखना चाहिए : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

## जैन युवा संगठन ने समस्त जैन समाज के साथ मनाया भगवान महावीर का 2624वां जन्मकल्याणक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गांधीनगर स्थित फ्रीडम पार्क कुंडलपुर नगरी में स्थानीय जैन युवा संगठन के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्मकल्याणक धूमधाम से समारोहपूर्वक मनाया गया। सबसे पहले टाउन हॉल से अहिंसा रैली निकाली गई। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर भगवान महावीर के सिद्धांतों पर आधारित झांकियों से बनी अहिंसा रैली को रवाना किया। रैली समस्त जैन समाज के साथ टाउन हॉल से एसपी रोड, नगरथपेट, एवेन्यू रोड, आदिनाथ जैन मंदिर चिकपेट, बीवीके अय्यंगार रोड, हॉस्पिटल रोड, मैसूर बैंक सर्कल, शेषाद्रि रोड होते हुए कुंडलपुर नगरी (फ्रीडम पार्क) में धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। वरघोड़े में प्रभु महावीर के सिद्धातों पर आधारित नशा मुक्ति, अहिंसा प्रचार, जीवदया, जिनशासन प्रचार, मानवसेवा आदि विषयों पर अनेक सभा संस्थाओं ने अनेक झांकियां निकाली तथा अहिंसा का प्रचार किया। वरघोड़े में बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।

### साधु साध्वियों का रहा सान्निध्य

फ्रीडम पार्क में आयोजित धर्मसभा का शुभारंभ बेंगलूरु में विराजित आचार्यश्री विमलसागरसूरीजी, उपप्रवर्तकश्री पंकजमुनिजी, पन्यासश्री गुणहंसविजयजी, विमलपुण्यविजयजी, आलेखमुनिजी, मलयप्रभसागरजी, उपप्रवर्तिनी सत्यप्रभाजी, कंचनकंवरजी, पावनप्रभाजी, संयमलताजी, परमसौम्याश्रीजी, सुप्रभाश्रीजी, समणी डॉ. सुयशनिधिजी,डॉ. सुग़मनिधिजी एवं डॉ. सुयोगनिधिजी आदि साधु साध्वियों के मंगलाचरण से हुआ। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने पूरे विधिविधान के साथ जैन ध्वज का ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद जेवाईएस के गीत व कन्नड़ नाड़ गीत का गान कर जैन धर्म के जयघोष किए गए। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर विराजित भगवान महावीर की मंगल मूर्ति का सदस्यों ने जलाभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया।इस समारोह में अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया, बेंगलूरु सेन्ट्रल के सांसद पी सी मोहन, कर्नाटक के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडूराव, पूर्व महापौर गौतम मकाना, चिकपेट आदिनाथ जैन संघ के अध्यक्ष गौतम सोलंकी, जैन कॉन्फ्रेन्स के कर्नाटक प्रांतीय अध्यक्ष प्रकाश बुरड़ सहित वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी वैष्णोदेवी समूह के मनोहरलाल, विमल-मधु कटारिया परिवारजन मंचासीन थे। संगठन के अध्यक्ष महावीर मुणोत, मंत्री नीरज कटारिया, उपाध्यक्ष मुकेश सुराणा, सहमंत्री सुश्रुत चेलावत, कोषाध्यक्ष संतोष डूंगरवाल ने अतिथियों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### धर्म प्रचार में सोशल मीडिया का अहम योगदान : मलयप्रभसागर

महावीर जन्मकल्याणक समारोह में सान्निध्यता प्रदान करने आए मलयप्रभसागरजी ने कहा कि जैन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जो भगवान बनने की प्रेरणा देता है। महावीर के दर्शन में व्यवहार का ज्ञान, निश्चय की पकड़, विज्ञान के तत्व है। उन्होंने धर्म प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए राजनीति में जैन समाज की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के इस युग में हमें 'आइए जैन धर्म को फिर से महान बनाए' (मेक जैनिज्म ग्रेट अगेन) के सिद्धांत पर कार्य करना चाहिए। आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि हमें महावीर के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने जैन सिद्धांतों से हट कर हो रहे समारोह पर दुख जताते हुए कहा कि आज प्रभु महावीर हमारे है पर हम महावीर के नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान महावीर को हाशिए पर नहीं अपितु किसी भी कार्यक्रम व जीवन के मूलकेन्द्र में रखना चाहिए। महावीर का धर्म किसी को दुख दर्द देने वाला नहीं अपितु हमेशा देने वाला, समर्पण, मानवता, प्रेम, आस्था सिखाता है। उन्होंने कहा कि हमें डुप्लीकेट जैन नहीं, असली जैन बनना है। जैन को आराधना अर्थात पूजा व क्रिया, प्रभावना अर्थात धर्म प्रचारप्रसार और रक्षा अर्थात धर्म की रक्षा करनी चाहिए। संतश्री पंकजमुनिजी ने कहा कि प्रभु का हर कल्याणक मानव के लिए कल्याणकारी व मंगलकारी है। हमें प्रभु महावीर के प्रवचन को अपने दिल में बैठाना है।

साध्वीश्री परमसौम्याजी ने कहा कि हमें भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए तथा इन कान से उस कान तक, चेहरे पर मुस्कान को अपनाना चाहिए। साध्वी पावनप्रभाजी ने कहा कि जो स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेता है वह होता है महावी। उनका सिद्धांत हर युग में उपयोगी है। प्रभु महावीर जरूर पुराने हो गए पर उनके सिद्धांत पुराने नहीं है। साध्वीश्री संयमलताजी ने कहा कि प्रभु महावीर के जीवन से हमें यह शिक्षा लेनी चाहिए कि कभी भी उपकारी के उपकार को नहीं भूलना चाहिए और दूसरा किसी पर कोई उपकार करो तो कभी याद मत रखो।

### प्रभु महावीर जैन धर्म के युग पुरुष हैं: मंत्री दिनेश गुंडूराव

सबसे पहले जैन युवा संगठन के अध्यक्ष अध्यक्ष महावीर मुणोत ने सभी उपस्थित साधु साध्वियों, श्रावक, श्राविकाओं का स्वागत करते हुए सभी को महावीर जन्मकल्याणक की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात संगठन के मंत्री नीरज कटारिया ने संगठन के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी तथा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। कटारिया ने संगठन के स्थापना से लेकर आज तक के कार्यों की जानकारी दी। सांसद पी सी मोहन ने कहा कि हजारों वर्ष बाद भी आज भी प्रभु महावीर के सिद्धांत प्रासंगिक है। महात्मा गांधी ने भी प्रभु महावीर के अहिंसा के सिद्धांत अपनाकर देश को स्वंतत्रता दिलवाई। विधायक दिनेश गुंडूराव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश में अनेक धर्म हैं। प्रभु महावीर जैन धर्म के युग पुरुष है। हमें महापुरुषों के गुणों का अनुसरण करना चाहिए, यदि हम महापुरुषों के गुणों का एक प्रतिशत भी आत्मसात कर लें तो हमारे जीवन का कल्याण हो जाएगा। सांसद लहरसिंह सिरोया ने कहा कि हमारे देश में अनेकता में एकता है। हमें सभी धर्मों का समान आदर करना चाहिए। आज के माहौल में भी प्रभु महावीर के सिद्धांतों पर चल कर ही विश्व का कल्याण हो सकता है ।

### अतिथियों सहित वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में दौरान सभी अतिथियों व राजनेताओं का संगठन के पदाधिकारियों ने वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी मनोहरलाल, जनककुमार योगेशकुमार विमलकुमार कटारिया परिवार का सम्मान किया। इसके साथ ही सभी राजनेताओं, अतिथियों व अन्य विशेष लाभार्थियों का भी सम्मान संगठन के सदस्यों द्वारा किया गया। सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश धोका ने ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी देते हुए ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही जीवन संजीवनी, जीवन शिक्षा व जीवन सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी।

इस मौके पर सेवा ट्रस्ट की विभिन्न योजनाओं में सहयोगी के रूप में जुड़े लक्ष्मीचन्द डॉ अरिहंत भंडारी परिवार, हनुमानमल संजयकुमार बैद, हस्तीमल संजय सुजीत सिसोदिया, उमादेवी बाबूलाल भंसाली, महेन्द्र हंसराज मुणोत, नरेन्द्र आच्छा परिवार का भी सम्मान किया गया। वर्धमान प्रसादी के लाभार्थी विमल कटारिया ने कहा कि जैन युवा संगठन कार्यकर्ता निर्माण की फैक्ट्री है। उन्होंने संतों के प्रवचनों की सराहना करते हुए बुधवार को दिल्ली में हुए जीतो नवकार महामंत्र के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आचरण व संबोधन को सराहा। चिकपेट संघ के अध्यक्ष गौतम सोलंकी ने साधर्मिकों के सहयोग करने बात को कहा। जैन कॉन्फ्रेन्स के प्रांतीय अध्यक्ष प्रकाश बुरड़ ने जैन एकता की हिमायत करते हुए संगठन के जैन एकता के प्रयास को उनकी दूरदर्शिता का परिणाम बताया। बुरड़ ने कहा कि हम सबसे पहले जैन है और जैन ही हमारी पहचान है।

### मानव सेवा व अन्य स्टालों पर उमड़ी भीड़

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु शामिल हुए। सुश्रुत चेलावत व अभिषेक कावड़िया ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सहमंत्री सुश्रुत चेलावत ने धन्यवाद दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फ्रीडम पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न सभा संस्थाओं ने अनेक मानवसेवी कार्यों, स्वास्थ्य, शिक्षा, साहित्य, सहयोग, रक्तदान, विभिन्न जांच, गौसेवा संबंधी सेवाओं के स्टाल लगाए तथा खाद्य व पेय सामग्री वितरण स्टाल पर सेवाएं प्रदान की।



# कृष्णराजपुरम तहसीलदार कार्यालय में मनाया गया महावीर जन्मकल्याणक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के कृष्णराजपुरम राममूर्तिनगर जैन संघ द्वारा दिगम्बर समुदाय के साथ मिलकर तहसीलदार ऑफिस कृष्णराजपुरम में भगवान महावीर का 2624वां जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि उप-तहसीलदार प्रकाश कुमार ने प्रभु के सिद्धांत 'जीयो और जीने दो' को अपनाने की बात कही। अधिकारी मल्लिकार्जुन ने भगवान महावीर के अहिंसा के सिद्धांतों को याद किया।

इस मौके पर कृष्णराजपुरम संघ के मंत्री रिखबचंद मेहता ने कहा कि अहिंसा परमो धर्मः के संदेश के साथ विश्व को जीने की राह दिखाने वाले भगवान श्री महावीर समस्त संसार को राह दिखाने वाले हैं। उन्होंने जन्म कल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसी मौके पर दिगंबर जैन के अशोक ने निर्माणाधीन आदिनाथ भगवान का मंदिर के बारे में जानकारी दी और सहयोग की अपील की। दिगम्बर संघ के अध्यक्ष सतीश जैन ने कहा कि हम सभी प्रभु महावीर की संतान हैं, हमें उनके गुणों को अपनाना चाहिए।

इस मौके पर स्थानीय व जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। रिखबचन्द ने तहसीलदार कार्यालय में महावीर जयंती मनाने के लिए कर्नाटक सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

# प्रौद्योगिकी भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं अधिक प्रभावित कर रही : राजनाथ

वेलिंगटन (तमिलनाडु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं अधिक प्रभावित कर रही है और युद्ध की परंपरागत धारणाएं नये सिरे से परिभाषित की जा रही हैं। तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि युद्ध भूमि में तकनीकी नवाचार की ताकत वाकई अद्भुत है।

उन्होंने कहा, आज प्रौद्योगिकी भू-राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को पहले से कहीं ज्यादा प्रभावित कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, सैन्य स्वायत्तता, ड्रोन विज्ञान, क्रांटम, ब्लॉक चेन, अंतरिक्ष, साइबर सहित अन्य उभरती प्रौद्योगिकियां प्रतिरोध और युद्ध लड़ने के तौर-तरीके में क्रांति ला रही हैं। युद्ध अब जमीन, समुद्र और आकाश जैसे परंपरागत क्षेत्रों से परे अंतरिक्ष, साइबर, समुद्र के नीचे और रचनात्मकता के नये क्षेत्रों में लड़े जा रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, उदाहरण के लिए, ड्रोन विज्ञान यूक्रेन-रूस संघर्ष में एक परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के रूप में नहीं, बल्कि एक नये हथियार के रूप में उभरा है। सैनिकों और उपकरणों की अधिकांश क्षति के लिए पारंपरिक तोपों या कमजोर सुरक्षा कवच को नहीं, बल्कि ड्रोन को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने कहा, इसी तरह, पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष क्षमताएं सैन्य खुफिया जानकारी, सतत निगरानी, तैनाती, लक्ष्य निर्धारण और संचार के तरीके में बदलाव ला रही हैं तथा युद्ध को एक नयी ऊंचाई पर ले जा रही हैं।

युद्ध भूमि में तकनीकी नवाचार की ताकत वास्तव में अद्भुत है। राजनाथ ने कहा कि वर्तमान में जारी संघर्ष और समकालीन रुझान इस तथ्य को उजागर करते हैं कि युद्ध की परंपरागत धारणाएं नये सिरे से परिभाषित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, मानवरहित प्रणालियों और एआई आधारित पूर्वानुमान की शुरुआत के साथ उभरती प्रौद्योगिकियां युद्ध के चरित्र को प्रभावित कर रही हैं।



# मैसूरु में धूमधाम से मनाया गया प्रभु महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव

## शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु, प्रभु के गुणों को किया याद

मैसूरु/दक्षिण भारत । शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में तथा साध्वी क्षमाशीलाश्रीजी के सान्निध्य में भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। गुरुवार सुबह महावीर भवन में प्रभु महावीर का विविध औषधि से बने तरल पदार्थ से प्रभु प्रतिमा पर विधिवत शक्रस्तव अभिषेक किया गया। सुमतिनाथ जिनालय में पूजा अर्चना के बाद महावीर स्वामी की प्रतिमा रथ पर विराजित कर जयकारों के साथ भव्य रथयात्रा निकाली गई। सुमतिनाथ संघ के सचिव कांतिलाल गुलेच्छा ने हरी झंडी दिखाकर वरघोड़े को रवाना किया। रथ यात्रा में सकल संघ के साथ विभिन्न महिला मंडल, बालिका मंडल, वधू मंडल आदि ने अपने अपने संघ गणवेश धारण कर भाग लिया। प्रभु का वरघोड़ा महावीर नगर, इरविन मार्ग, नेहरू चौराहा, अशोक मार्ग, बड़ा घंटाघर, चंद्रगुप्त मार्ग होते हुए महावीर भवन पहुंचा और धर्मसभा में परिवर्तित हो गया।

महावीर भवन के सभागार में साध्वीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि महावीर स्वामी भगवान के जन्म से पूरे संसार में खुशियां छा जाती हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणक मनाने के लिए भगवान के आदर्शों को जीवन में लाना होगा। प्रभु महावीर की वाणी अमृततुल्य थी, उनका आचरण वंदनीय था। प्रभु महावीर सहजता, साधारणता व समता के त्रिवेणी संगम थे। इस मौके पर सुमतिनाथ संघ के सचिव कांतिलाल गुलेच्छा, कोषाध्यक्ष पारसमल सिंघवी, ट्रस्टी विमल भैसवाड़ा, प्रकाश सालेचा, नगराज राठोड, महावीर गादिया, राजेंद्र सोलंकी, जयंतीलाल परमार, जीवराज पोरवाल, सुविधिनाथ राजेंद्रसूरी ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल हरण, कोषाध्यक्ष धनेश मेहता, सुमतिनाथ जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जयकुमार सालेचा, उपाध्यक्ष विनोद ओसवाल, सचिव ललित राठौड़, कोषाध्यक्ष आनंद सालेचा, दीपक खींवसेरा, पार्श्व पद्मावती ट्रस्ट के अध्यक्ष दलीचंद श्रीश्री माल सहित बड़ी संख्या श्रावक श्राविका उपस्थित थे।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com